

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 सुरेश रैना की इच्छा, वनडे में ज्यादा जिमेदारी के साथ खेले ऋषभ पंत.....

छीसगढ़ सरकार का 27 लाख किसानों के लिए बड़ा ऐलान, जारी करेगी धान पर बोनस..... 12

वर्ष : 12 | अंक : 277 | पटना, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**
अधिकतम तापमान 14.0°C
न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 75,920
चांदी 91,900
सेंसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

## प्रगति यात्रा : सीएम ने 210 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# मुख्यमंत्री ने सुपौल जिले को दी 298 करोड़ की सौगात

### स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं महिलाएं : नीतीश

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को प्रगति यात्रा के क्रम में सुपौल जिले की ग्राम पंचायत बकौर, वार्ड नम्बर 5 तथा जिला मुख्यालय स्थित नवनिर्मित टाउन हॉल परिसर से 298.0729 करोड़ रुपये की 210 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 13422.75 लाख रुपये की 52 योजनाओं का उद्घाटन तथा 16384.54 लाख रुपये की 158 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला अंतर्गत प्रखंड सुपौल की ग्राम पंचायत बकौर में पूर्वी कोसी तटबंध की कोसी नदी पर निमार्णाधीन भेजा बकौर पुल का हवाई सर्वेक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सुपौल प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बकौर की वार्ड संख्या 5 स्थित बिजलपुर पुनर्वास टोला का भ्रमण कर विभिन्न विभागों द्वारा कराए गए विकासात्मक कार्यों का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत भी की।

**जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया :**

मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत परसौनी सार्वजनिक पोखर के चारों तरफ सीढ़ी घाट निर्माण कार्य, पेवर ब्लॉक पैदल मार्ग निर्माण कार्य एवं परसौनी सार्वजनिक पोखर के उड़ाही कार्य से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने तालाब का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने परसौनी सार्वजनिक पोखर के चारों तरफ कराए गए सीढ़ीनुमा घाट के निर्माण कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह अच्छा काम हुआ है। इससे लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियां पूरे बिहार में काफी अच्छा काम कर रही हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं।

स्टॉल अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण राहत अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, परसौनी गांव में निर्मित एक जलाशय जीविका संपोषित 9 ज्योति जीविका महिला ग्राम संगठन को अगले पांच वर्षों के लिए निःशुल्क हस्तांतरण पत्र, 554 जीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण के माध्यम से 13 करोड़ 85 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, समाहरणालय परिसर स्थित जीविका दीदी की रसोई की चाबी, 2043 जीविका स्वयं सहायता समूहों को परिक्रमी निधि एवं प्रारंभिक निवेश निधि के तहत 20 करोड़ 72 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 452 लाभार्थियों को 1 करोड़ 72 लाख 78 हजार 900 रुपये का सांकेतिक चेक एवं सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत ई-रिक्शा की चाबी लाभुकों को प्रदान किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत 203 लाभुकों को 2 करोड़ 3 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री निःशक्त जन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण छत्र योजना के तहत संबल योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों के बीच मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की चाबी, अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के वासभूमि विहीन परिवारों को बासगीत पर्चा, कस्टम हायरिंग योजना अंतर्गत अनुदान की राशि का सांकेतिक चेक, मखाना भंडार गृह निर्माण हेतु सांकेतिक चेक, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना का स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री निजी किसान (अन्य प्रजाति) पौधशाला योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री कृषि वानिकी (अन्य प्रजाति) योजना का सांकेतिक चेक, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत निर्मित भवन की चाबी लाभुकों को प्रदान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 21.02 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक विद्यालय परसौनी हिंदी भवन का जीर्णोद्धार एवं परिसर का सौंदर्गीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्द्घाटन किया।



**ये रहें मौजूद :**

कार्यक्रम के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास विभाग के मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी, समाज कल्याण मंत्री सह सुपौल जिला के प्रभारी मंत्री मदन सहनी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार सिंह, सांसद दिलेश्वर कामत सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सीएम ने पुस्तिका 'समाधान' वर्ष-2025 का किया विमोचन

मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला प्रशासन द्वारा लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई से संबंधित पुस्तिका 'समाधान' वर्ष-2025 का विमोचन तथा सुपौल जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा तैयार कराई गई 'टॉयलेट क्लीनिक एक समाधान' लघु फिल्म का अभिमोचन किया। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र परसौनी का निरीक्षण कर बच्चों एवं शिक्षिकाओं से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से सुपौल जिला के विकासात्मक कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने त्रिवेणीगंज मुख्य बाजार में प्रस्तावित बाईपास का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित पिपरा बाजार बाईपास का भी स्थलीय निरीक्षण किया। प्रस्तावित पिपरा बाईपास बाजार के बारे में अधिकारियों ने मानचित्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को बताया कि इसकी लंबाई 6 किमी होगी और इसकी प्राक्कलित राशि 50 करोड़ रुपये होगी। साथ ही अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर से जोड़ने के लिए सिमराही बाजार में 1.2 कि०मी० लंबाई का फ्लाईओवर भी बनाया जाएगा, जिसकी प्राक्कलित राशि 95 करोड़ रुपये होगी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान कहा कि दोनों बाईपास के बन जाने से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। यह सब अच्छी योजना है, इस पर ठीक ढंग से काम करें।

## डेयरी संयंत्र का शिलापट्ट का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला मुख्यालय स्थित सुधा डेयरी के विस्तारीकृत 24.13 करोड़ रुपये की लागत वाली डेयरी संयंत्र का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और बटन दबाकर संयंत्र का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विस्तारीकृत डेयरी संयंत्र का निरीक्षण भी किया। इस दौरान मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट को देखा और इसके कार्य पद्धति के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस दूध उत्पाद संयंत्र से प्रतिदिन एक से दो लाख लीटर दूध क्षमता का विस्तार होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सुधा डेयरी द्वारा निर्मित उत्पादों और इसकी खपत के बारे में भी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने सुपौल के 888.31 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित नगर भवन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। नवनिर्मित नगर भवन में ही 15 नवनियुक्त महिला पर्यवेक्षिका, वृहद् आश्रय गृह, सुपौल के अंतर्गत 15 नवनियुक्त बाल गृह (बालक) कर्मी तथा 54 नवनियुक्त गृह रक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ नवनियुक्त कर्मियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने नगर भवन परिसर से ही सुपौल जिला से संबंधित विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित नगर भवन परिसर के बगल में बने तालाब का निरीक्षण किया और कहा कि यह बहुत अच्छा तालाब बना है। लोग सुबह-शाम यहां पर टहलने-घूमने आएंगे तो उन्हें अच्छा लगेगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सुपौल के आउटडोर स्टेडियम के सौंदर्गीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस स्टेडियम का बेहतर ढंग से जीर्णोद्धार कराएं ताकि खिलाड़ी यहां पर बेहतर ढंग से खेल-कूद सकें और साथ ही खिलाड़ियों की खेल-कूद से संबंधित सुविधाओं की समुचित व्यवस्था कराएं।

## संक्षिप्त खबरें

### इजरायल ने बंधकों के बदले में 90 फिलिस्तीनी कैदियों को किया रिहा

यरूशलम /एजेंसी। इजरायल ने गाजा पट्टी से तीन बंधकों की रिहाई के बदले में, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के साथ एक समझौते के तहत पहले चरण में 90 फिलिस्तीनी महिला कैदियों को रिहा कर दिया है। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने सोमवार को इजरायल जेल प्राधिकरण के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले हमास की ओर से तीन इजरायली महिला बंधकों की रिहा किया गया, जिसके बदले में इजरायल जल्द ही 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। उल्लेखनीय है अल-कस्साम ब्रिगेड (हमास की सैन्य शाखा) ने पहले कहा था कि उन्होंने इजरायल के साथ एक समझौते के तहत रविवार को तीन बंधकों को रिहा करने का फैसला किया है। इजरायली सेना ने बताया कि रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) ने बंधकों को इजरायली सेना को सौंप दिया है, जिसके बाद महिलाएं सुरक्षित स्वदेश पहुंच गईं हैं। गौरतलब है कि यह रिहाई उस समझौते का हिस्सा है, जिसमें इजरायल और हमास के बीच बंधकों को एक-दूसरे को सौंपने के लिए किया गया है। फिलिस्तीनी महिला कैदियों की रिहाई इजरायल की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है

## 85वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का लोकसभा अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

### आध्यात्म और बौद्धिकता की धरा बिहार हम सबके लिये प्रेरणा :बिरला

प्रात : किरण

पटना। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बिहार की राजधानी पटना में 85 वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का उद्घाटन किया। बिहार विधानसभा में सोमवार से शुरू हुए इस दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर के विधानसभा स्पीकर और सभापतियों के अलावा बिहार सरकार के मंत्री-विधायक भी शरीक रहे. बिहार विस में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आध्यात्म और बौद्धिकता की धरा बिहार हम सबके लिए प्रेरणा है.

यहां हो रहा पीठासीन सम्मेलन का विचार-विमर्श हमें लोकतांत्रिक संस्थाओं के सशक्तिकरण के नए आयाम सुझाएगा। अच्छे-जनहितकारी कानून बनाकर सदन को आम आदमी के करीब लाना ही लक्ष्य है। हमारा संविधान दुनिया के लोकतंत्र का पथ प्रदर्शक है। सम्मेलन में अपने संबोधन में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने राज्यों के विधायी निकायों में बैठकों की घटती तादाद और सदन में हंगामे और वैल में नारेबाजी जैसे प्रकरणों को लेकर चिंता का इजहार किया और कहा कि सभी राजनैतिक दलों को साथ आकर इस संबंध में आचार संहिता बनाने की जरुरत हैं।

जनप्रतिनिधि चयन के समय लगाई आम आदमी की आशा-अपेक्षा पूरा करने का मंच सदन ही हैं और संविधान की मूलभावना के अनुरुप सदन समेत हमारी सभी लोकतांत्रिक संस्थाएं हो. इसकी पहली जिम्मेदारी हम सभी चुने हुए प्रतिनिधियों की हैं। सम्मेलन के दौरान संसदीय पद्वति एवं प्रक्रिया पुस्तक के 5 वें हिन्दी और 8 वें अंग्रेजी संस्करण का भी विमोचन हुआ इससे पहले बिहार विधानसभा स्पीकर नंदकिशोर यादव ने विधानपरिषद सभापति अवधेश नारायण सिंह के साथ विधानसभा में लोकसभा स्पीकर ओमबिरला की अगवानी की और कहा कि ये सम्मेलन देशभर के राज्य विधायी निकाय प्रतिनिधियों को बिहार से रूबरू कराने का एक अवसर भी हैं। उन्होंने सम्मेलन में बिहार के विरासत से विकास पर केंद्रित लघुफिल्म का भी प्रदर्शन कराया। इस दौरान राज्यसभा उपसभापति हरिवंश,बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,विधानसभा उपाध्यक्ष और विधानपरिषद उपसभापति भी बिरला के साथ मंच पर मौजूद रहे।

## कोलकाता : अदालत ने ट्रेनी महिला डॉक्टर के रेप-मर्डर के दोषी संजय रॉय को सुनाई उम्रकैद की सजा

कोलकाता। सियालदह कोर्ट की विशेष अदालत ने सोमवार को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप-हत्या के मामले में एकमात्र दोषी सिविक वालंटियर संजय रॉय उम्रकैद की सजा सुनाई है। जज ने कहा कि यह कोई दुर्लभतम मामला नहीं है।

कोर्ट ने शनिवार को ट्रेनी महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या मामले में आरोपी सिविक वालंटियर संजय रॉय को दोषी करार दिया था। फैसले के समय संजय रॉय ने अदालत में दावा किया था कि उसे फंसाया गया है। हालांकि, न्यायाधीश अनिर्बन दास ने कहा कि उसे सजा सुनाए जाने से पहले सोमवार को बोलने का मौका दिया जाएगा। मृतक छात्रा के माता-पिता ने दोषी करार दिए जाने के लिए न्यायाधीश का शुक्रिया अदा किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में अफरा-तफरी की स्थिति भी बनी, जिसके बाद अदालत ने सख्त लहजे में सभी लोगों को चेतावनी दी और आरोपी की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पीड़िता के पिता ने सोमवार सुबह पत्रकारों से कहा था, ₹आज सजा सुनाने से पहले विशेष अदालत के न्यायाधीश दोषी की बात सुनेंगे। उसने 20 जनवरी को कुछ कहने पर जोर दिया था, जिस दिन उसे विशेष अदालत ने दोषी ठहराया था। हम चाहते हैं कि उसे अधिकतम सजा दी जाए।₹ उन्होंने कहा था, ₹रॉय निस्संदेह अपराधी है। लेकिन इस साजिश में और भी लोग शामिल हैं। प्रशासन शुरू से ही उन्हें बचाने की कोशिश कर रहा था। पीड़िता की मां ने कहा था कि संभवतः रॉय इतने लंबे समय तक चुप इसलिए रहा, क्योंकि उसे किसी ने इस मामले में जमानत दिलाने का आश्वासन दिया था। गौरतलब है कि पिछले साल 9 अगस्त में महिला ट्रेनी डॉक्टर का शव आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल से बरामद किया गया था। कोलकाता पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और क्राइम सीन से मिले सबूतों के आधार पर जांच की।

## राहुल को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही 'मानहानि' कार्यवाही पर लगाई रोक

प्रात : किरण

नई दिल्ली /एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता नवीन झा ने अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

**झारखंड में चल रहा था मुकदमा:**

बता दें कि झारखंड में चल रहे मानहानि के मुकदमे को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने रांची की निचली अदालत में चल रहे मानहानि के मुकदमे पर रोक लगा दी है। राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता नवीन झा को नोटिस जारी किया है।

**क्या बोले राहुल गांधी के वकील:**

वहीं राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अगर आप प्रभावित पक्ष नहीं हैं, तो आप मुकदमा दाखिल नहीं कर सकते। ये सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फैसलों में कहा है। बता दें कि राहुल गांधी ने 2019 में तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह को लेकर एक बयान दिया था, जिस वजह से उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी मुकदमे पर रोक लगाने के लिए राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

**क्या है पूरा मामला**

दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले चाईबासा में अपने एक भाषण के दौरान राहुल गांधी ने कथित तौर पर अमित शाह के लिए ह्यहत्याराह्न शब्द का इस्तेमाल किया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने राहुल गांधी की अपील पर झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। राहुल गांधी ने झारखंड हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने निचली अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ जारी कार्यवाही को रद्द करने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दिया था।

# बिहार के हर क्षेत्र में विकास का किया है काम : नीतीश

**बैठक**

## मुख्यमंत्री ने सुपौल जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में सुपौल जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। समीक्षात्मक बैठक में सुपौल जिले के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने जिले के विकास कार्यों का प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी बातें रखी है। हम अधिकारियों से कहेंगे कि वे इनके बातों को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें। वर्ष 2008 में इस इलाके में भीषण बाढ़ आई थी, जिससे सहरसा, सुपौल और मधेपुरा जिला काफी प्रभावित हुआ था। हमलोगों ने हर स्तर पर राहत एवं बचाव का कार्य बड़े पैमाने पर किया था। कर्ज लेकर बाढ़ से प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद की गई। प्रारंभ से ही हमलोगों ने बिहार के हर क्षेत्र में विकास का काम किया है। प्रगति यात्रा के क्रम में विभिन्न जिलों का दौरा कर विकासात्मक कार्यों को देख रहे हैं। लोगों से बातचीत भी कर रहे हैं। 24 नवंबर 2005 से हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम करना शुरू किया। तब से निरंतर हमलोग बिहार को आगे बढ़ाने में लगे हैं। वर्ष 2006 से पहले 15 सालों तक जिन लोगों का राज था, उन्होंने कुछ नहीं किया। उस समय बिहार का बुरा हाल था। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। अब अपने जरूरत के मुताबिक पुरुष हो या महिला जब जहां जाना चाहे निडर होकर जा रहे हैं। अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था।

सड़कें जर्जर थीं। शिक्षा की हालत ठीक नहीं थी। जब बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया, तब से बिहार की स्थिति बदली है। हर क्षेत्र में विकास के काम किए जा रहे हैं। हमलोग किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं करते हैं, जिनको जिन्हें वोट देना है दें।



**बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं:**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे बिहार में विकास का काम हम लोग करा रहे हैं। बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है, जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटे किया गया है, इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है। बिहार में बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली की गई है।

**महिलाओं के उत्थान के लिए हर प्रकार से काम किया :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए हर प्रकार से काम किया है। वर्ष 2016 से हमलोगों ने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। वर्ष 2025 में 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा।

### सुपौल जिले में विकास के अनेक कार्य कराए गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपौल जिले में विकास के अनेक कार्य कराए गए हैं। यहां इंजीनियरिंग कॉलेज, पारामेडिकल संस्थान और छात्रावासों का निर्माण कराया गया है। साथ ही राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, महिला आईटीआई, सभी अनुमंडलों में आईटीआई, छात्रावास, जीएनएम संस्थान, आवासीय विद्यालय, अनेक पथों एवं पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। 805 करोड़ रुपये की लागत से यहां मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है। यहां सुपौल डेयरी संयंत्र का विकास कराया गया है। कोसी क्षेत्र के पुनर्निर्माण एवं पुर्नवास हेतु दो फेज में काम चल रहा है। इसके बचे हुए काम को तेजी से कराएं। यहां 39 पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष जगहों पर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य जून 2025 तक पूरा करा दिया जाएगा। यहां 6 विद्युत ग्रिड सब स्टेशन, 26 पावर सब स्टेशन, 32 डेडिकेटेड कृषि फीडर स्थापित किया गया है। जिनसे 15,813 किसानों को फसल की सिंचाई हेतु बिजली का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। सुपौल जिले में 27,553 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है, जिससे 3 लाख 37 हजार जीविका दीदियां जुड़ी हैं। यहां 5 दीदी की रसोई संचालित की जा रही है। हमलोगों का लक्ष्य है कि जहां जो कमियां हैं उसे दूर करें। हमलोगों का मकसद है काम करना ताकि बिहार की विकास की गति और तेज हो।

### सुपौल जिले के लिए मुख्यमंत्री ने की महत्वपूर्ण घोषणायें

त्रिवेणीगंज बाजार के बाईपास का निर्माण किया जायेगा, इससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी। पिपरा बाजार के बाईपास का निर्माण किया जायेगा, इससे पिपरा प्रखंड में बन रहे लोहिया मेडिकल कॉलेज को भी सम्पर्कता मिलेगी। नगर पंचायत निर्मली के रिंग बांध का जीर्णोद्धार एवं कालीकरण किया जायेगा, इससे लोगों को बाढ़ से निजात मिलेगी तथा आवागमन हेतु सड़क भी उपलब्ध हो जायेगी। ह्लसुपौल स्टेडियम का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्गीकरण कराया जायेगा जिससे खेलों को बढ़ावा मिलेगा। सिमराही बाजार में एन०एच०-27 के जंक्शन प्वाइंट पर फ्लाईओवर का निर्माण किया जायेगा। छातापुर एवं त्रिवेणीगंज प्रखंड में सुरसर नदी का चैनलाईजेशन एवं क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मति की जायेगी। वीरपुर अनुमंडल मुख्यालय में निबंधन कार्यालय की स्थापना की जायेगी, इससे लोगों को भूमि निबंधन कार्य में सहूलियत होगी। बाबा तिल्हेश्वर नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्गीकरण तथा तिल्हेश्वर नाथ मंदिर से सुखपुर बाजार तक सड़क का चौड़ीकरण कराया जायेगा। सुपौल में नये बस स्टैंड का निर्माण कराया जायेगा। सुपौल में वीरपुर स्थित वर्तमान हवाई अड्डे पर छोटे विमानों के संचालन हेतु उड़ान योजना में इसे सम्मिलित करने के लिये केन्द्र सरकार से अनुरोध किया जायेगा। इन सब कामों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त सुपौल जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा।

# अब 48 घंटे के अंदर डीबीटी पोर्टल से पहुँचेगी जननी बाल सुरक्षा योजना की राशि

## नए डीबीटी पोर्टल के माध्यम से लाभुक के खाते में सीधे पहुंचेगी राशि

- मातृ-शिशु स्वास्थ्य की बेहतरी व संस्थागत प्रसव को मिलता है बढ़ावा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राज्य सरकार संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के लिए जननी बाल सुरक्षा योजना चला रही है। इस योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अब 48 घंटे के अंदर लाभुक के खाते में पहुंचेगी। 15 जनवरी को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बापू सभागार से जेबीएसवाई के डीबीटी पोर्टल का शुभारंभ किया था। डीबीटी पोर्टल के माध्यम से प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था राज्य के 88 स्वास्थ्य संस्थानों ने प्रारंभ भी कर दी है। मालूम हो कि जेबीएसवाई स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाया जाने वाली योजना है। इसके तहत संस्थागत प्रसव पर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 14 सौ और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को 1 हजार रुपये मिलते हैं। 20 जनवरी तक जेबीएसवाई डीबीटी पोर्टल पर अब तक 25 हजार 448 महिलाएं रजिस्टर्ड हो चुकी हैं। 18 हजार 895 प्रसव अंकित हैं। इसमें 8 हजार 568 बच्चियों का जन्म हुआ है।

**एक फरवरी से डीबीटी पोर्टल से भुगतान अनिवार्य**

राज्य स्वास्थ्य समिति की निदेशक वित्त बृन्दा लाल ने सभी सिविल सर्जन को पत्र जारी करते हुए कहा है कि जननी बाल सुरक्षा योजना के तहत एक फरवरी से सभी प्रसूति माताओं को प्रसव उपरांत दी जाने वाली राशि जेबीएसवाई पोर्टल के माध्यम से ही दी जाएगी। इस बाबत सोमवार को संस्थागत प्रसव होने वाले संस्थानों के एमओआईसी, बीएचएम और प्रखंड लेखापाल पर उन्मुखीकरण भी किया गया। राज्य में वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवंबर तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 10 लाख 69 हजार 923 संस्थागत प्रसव हो चुके हैं।

# नियमित रूप से कॉलेज पहुंचे विद्यार्थी, बच्चों की बेहतरी के लिए सभी शिक्षक प्रतिबद्ध : प्राचार्य

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बिक्रम : विद्यार्थियों को नियमित रूप से महाविद्यालय आना चाहिए। अन्यथा उन्हें आगे फॉर्म भरने से रोका जा सकता है। कॉलेज में 75 प्रतिशत उपस्थित अनिवार्य है। आप नियमित रूप से कॉलेज आएं और इस कॉलेज में नामांकित अपने दोस्तों को भी बताए कि कॉलेज में सभी विषय के विद्वान शिक्षक पढ़ाने के लिए मौजूद हैं। उक्त बातें स्थानीय दादूपुर स्थित महंत मधुसूदन कॉलेज के प्राचार्य डॉ अवधेश कुमार यादव ने सोमवार को कहीं। वे नवनामांकित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय यहाँ के पूर्वजों द्वारा दिया गया धरोहर है। इसे सक्रिय, सुचारू एवं संरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और शैक्षणिक वातावरण तैयार करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास व छात्र हित में अपना पूरा सहयोग दें ताकि कॉलेज को एक राज्यस्तरीय संस्थान बनाया जा सके। शिक्षक और विद्यार्थी किसी भी महाविद्यालय की आंख होते हैं। शिक्षकत्व और छात्रत्व के समन्वय से महाविद्यालय को स्वर्णिम बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सहयोग से वे इस महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। वहीं डॉ दिग्विजय प्रसाद यादव ने कहा कि विद्यार्थी लेखनी में रिफिल (स्याही) के समान हैं और शिक्षक रिफिल के कवच (खोल) के समान। मौके पर महाविद्यालय के बर्सर सह हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार समेत सभी शिक्षक व कर्मी मौजूद रहे।

# बिहटा खगौल मुख्य मार्ग पर लगा जाम, घण्टों रेंगती रहीं गाड़ियां




प्रात :किरण संवाददाता

बिहटा ; बिहटा में आरा बिहटा खगौल मुख्य मार्ग पर सोमवार को पूरे भीषण जाम की स्थिति बनी रहीं । बिहटा औरंगाबाद मार्ग और बिहटा-पटना-आरा मार्ग पर बालू से लदे ट्रकों की लंबी कतार लग गई है, जिससे आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। स्कूली बच्चों से लेकर इमरजेंसी वाहनों तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा ।

व्यापार भी प्रभावित हुआ है। पैदल चलने वालों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा । ट्रक चालक धर्मनाथ कुमार ने बताया कि वह पालीगंज से बालू लोड कर रात 7 बजे से लाइन में खड़े हैं। उन्हें हाजीपुर जाना है, लेकिन जाम के कारण फंसे हुए हैं। लोडिंग और अनलोडिंग प्रभावित हुआ है। वहीं, आरा से पटना जा रहे कार सवार संतोष कुमार ने बताया कि वह कई घंटों से जाम में फंसे हैं और यह समस्या अब हर दिन की हो गई है। जाम हटाने में जुटी रहीं पुलिस बिहटा थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि आरा और छपरा की तरफ से आ रहे बालू लदे वाहनों को रोका जा रहा है, जिससे जाम की स्थिति बनी हुई है। पुलिस जाम को हटाने में जुटी है और छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जा रहा है। वहीं स्थानीय ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन की कड़ी मेहनत के बावजूद शाम तक स्थिति नियंत्रण में नहीं आ पाई सकीं है।

# आंखों में रोशनी लौटने से मरीजों में दौड़ी खुशी की लहर, दिया आशीष

## रोटरी सिटी सम्राट ने मोतियाबिंद मरीजों का कराया फ्री ऑपरेशन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्व रोटेरियन नवनीत बल्लभ की स्मृति में रोटरी पटना सिटी सम्राट के द्वारा ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों का ऑपरेशन किया गया। सिटी चौक स्थित आरपी गोलवारा मेमोरियल हॉस्पीटल में सफल ऑपरेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक गोलवारा एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया, मोतियाबिंद का ऑपरेशन किए गए मरीजों की आंखों की पट्टी खोलकर उन्हें दवा और काला चश्मा प्रदान कर विदा किया गया। शत-प्रतिशत मरीजों के आंखों में रोशनी वापस लौटने से क्लब के अध्यक्ष देवराज बल्लभ आह्लादित दिखे। नेत्र सर्जन डॉ अभिषेक गोलवारा ने मरीजों को विदा करते समय उन्हें परहेज और बारीकियों को समझाया। चेयरमैन रो विजय यादव, बीएन कपूर व गोविन्द चौधरी ने मरीजों को काला चश्मा पहनाने में सक्रिय योगदान किया । कुल चयनित 250 मरीजों में से अधिकांश मरीजों का ऑपरेशन किया जा चुका है। ऑपरेशन किए जा रहे मरीजों को दवा, चश्मा और हिदायतों के साथ विदा किया गया। शिविर में क्लब के सचिव देवेश नवाडिया, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, गोविन्द चौधरी, राजेश कुमार, मनोज कुमार, ओम प्रकाश, दिनेश भदानी, ललित अरोड़ा, सरज कपूर, संजय कुमार, संजय कुमार सिन्हा, अभिषेक पैट्रिक, सुनील केसरी आदि सदस्यगण उपस्थित थे।

# चोरों ने कि घर में सेंधमारी

प्रात :किरण संवाददाता

मोकामा। मोकामा शहर में अब चोरों ने भी अपना पाव पसारने लगा है। आम लोगों के घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर दहशत पैदा करने वाले चोरों ने सरकार के घर में भी सेंधमारी शुरू कर दी है। नवीनतम मामला मोकामा बाजार समिति से जुड़ा हुआ है। बाजार समिति में बिहार राज्य खाद्य निगम का भंडार गृह है। चोरों ने इस समिति में सरकारी अनाज से भरे ट्रक पर ही हाथ साफ कर दिया। चोरों ने एक ट्रक से लगभग बीस बोरी गेहूं की चोरी कर पुलिस को चुनौती दे दी। बाजार समिति मुख्य सड़क किनारे अवस्थित है ।ऐसे में पुलिस की रात्रि गश्ती पर भी सवालिया निशान खड़ा हो गया है। पिछले साल भी चोरों ने सरकारी गोदाम से भी कई क्विंटल अनाज की चोरी कर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी थी। बीती रात की हुई घटना में अनाज की चोरी के साथ ट्रक से डीजल की भी चोरी की गयी। चोरी की इस घटना से बाजार समिति की सुरक्षा को लेकर ट्रक मालिकों में दहशत कायम हो गया है। फिलहाल मोकामा थाना की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# 60 कार्टून शराब के साथ एक गिरफ्तार, वाहन किया जब्त

## उत्पाद विभाग की टीम ने बिस्कोमान गोलंबर के पास पकड़ा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग की टीम ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर बिस्कोमान गोलंबर के पास बोलेरो पर लदे 60 कार्टून विदेशी शराब को जब्त किया है। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। यह जानकारी उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि जैसे ही गुप्त सूचना मिली कि उत्पादक निरीक्षक कुलवंत कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर भेजा गया। इसी दौरान एक बोलेरो वाहन, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01 जीजे 0165 लिखा था, को रुकवाया गया। जब वाहन की जांच की गई, तो उस पर शराब लदा पाया गया। उसे पकड़ कर कार्यालय लाया गया। इस दौरान उस पर 750 एमएल का 1056 बोतल यानी 44 कार्टून और 180 एमएल का 16 कार्टून यानी 768 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। कुल 1824 बोतल में 534.240 लीटर शराब बरामद किया गया। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जो नालंदा जिला के रहुई थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 2 का रहने वाला नवीन कुमार पिता संजीत प्रसाद है। उससे पूछताछ की जा रही है। बरामद शराब की कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपया आंकी गई है। पकड़ा गया शराब पंजाब निर्मित और उसी राज्य में बिक्री के लिए लिखा हुआ है। हालांकि शराब की कुछ बोतल पर बैच नंबर मिटाया हुआ है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया गठित छापेमारी टीम में उत्पादित निरीक्षक कुलवंत कुमार के अलावा एएसआई साहेब गुप्ता, शशि ठाकुर, ब्रजकिशोर ठाकुर, सिपाही पुरुषोत्तम व इरफान अंसारी शामिल थे।

# नेताजी की जयंती पर होगा युवा सम्मान समारोह व कंबल वितरण

## 23 को नहर पर स्थित शनिचरा मंदिर के पास किया जाएगा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर युवा सम्मान समारोह और कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन 23 जनवरी को किया गया है। सैदपुर नहर के शनिचरा मंदिर के निकट इसका आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में युवा समाजसेवी अश्वनी सिन्हा उर्फ पंकज सिन्हा ने संदलपुर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई जाएगी। उसी दिन विभिन्न क्षेत्र में बेहतर करने वाले युवाओं को युवा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही लगभग पांच हजार जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया जाएगा। मौके पर स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। पंकज सिन्हा ने बताया कि समारोह मे उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह मंत्री दिलीप जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, पटना की महापौर सीता साहू एवं एससी-एसटी प्रकोष्ठ लोजपा सम्मानित अतिथि होंगे। इसके अलावा राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, सांसद शाम्भवी चौधरी को भी आमंत्रित किया गया है। प्रेस वार्ता मे पवन कुमार, डब्बू, आदी मेहता, विक्रम शाह, पियूष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, राजू कुमार सिन्हा, परशुराम पासवान, अभिषेक सिंह, मुरारी कुमार, शिवम सिन्हा व सौरव सिन्हा उपस्थित थे।

# बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाया नौ लाख की संपत्ति

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के मोगलपुरा नौढाल मुहल्ला में स्थित हैदरी कालोनी में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मुबारक हुसैन के बंद मकान का ताला तोड़ डाला और घर में प्रवेश कर गए। चोरों ने नौ लाख रुपए की संपत्ति चोरी कर लिया है। पीड़ित नजमा बेगम व पति मुबारक हुसैन ने बताया कि मकान में ताला बंद कर पुणे बेटी के यहां गए थे। इसी बीच रविवार की रात जब घर वापस लौटे, तब पाया कि मकान का ताला टूटा है। चोरों ने आलमीरा में रखे लगभग सात लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण, 85 हजार की घड़ी और एक लाख 60 हजार रुपै नगद चोरी कर लिया है। मकान में हुए चोरी की सूचना पीड़ित ने खाजेकलां थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में छानबीन की। पुलिस का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला है।

# पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा स्थापन के पूर्व निकाला कलश यात्रा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाला गया। 201 महिलाओं ने भद्र घाट से कलश में गंगा जल भर कर पदयात्रा करते हुए भद्रघाट, पुरानी सिटीकोर्ट, ईदगाह रोड, पटनदेवी रोड, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर होते हुए आयोजन स्थल पंचमुखी मंदिर आकर यात्रा समाप्त हुई। कलश यात्रा का नेतृत्व रंजीत कुमार उर्फ गागु, सीताराम महतो, रामजी मेहता, संजय सिंह, सीता सिन्हा, शंकर चौधरी, गणेश चौधरी, रौशन कुमार आदि ने किया।

# संक्षिप्त खबरें

## कार ने स्कूटी में मारी टक्कर महिला समेत दो बच्चे जख्मी इलाज के दौरान एक बच्चे की मौत

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत देर रात कैंट रोड खगौल के त्रिभुवन मोड़ के निकट एक अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसमें महिला समेत दो बच्चे जख्मी हो गये। सभी को सगुना मोड़ स्थित निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां अहले सुबह एक बच्चे की मौत हो गयी दूसरे बच्चे को स्थिति गंभीर देख रेफर कर दिया गया। उधर सूचना पर पहुंची यातायात पुलिस ने स्कूटी को कब्जे में ले लिया। जबकि कार घटना करते हुए भाग निकली। बड़हड़ा के पररिया के मुल निवासी अंगद कुमार सिंह के परिवार के लोग आरपीएस मोड़ के निकट रहते है। बीते रात उनकी पत्नी अपने बच्चे अर्थव भारद्वाज व अयांश भारद्वाज के साथ स्कूटी से कही जा रही थी। इसी क्रम में त्रिभुवन मोड़ के पास अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे सभी जख्मी हो गये। दुर्घटना में दोनो बच्चे को गंभीर चोटे लगी। इलाज के दौरान एक बच्चों की मौत हो गई दानापुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजन को सौप दिया।

## लड़की ने गले में फंदा डाल आत्म हत्या की

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रगतिनगर के रहने वाली एक 12 वर्षीय लड़की रानी कुमारी ने गले में फंदा डाल आत्म हत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही काम करने निकले माता पिता चित्कार करते पहुंची। सूचना पर पहुंची दानापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा को सौप दिया। घटना के पीछे के कारण को पता नही चल पाया। बताया जाता है कि खगड़िया के चौथम थाना क्षेत्र के सोनवर्षा घाट निवासी नंदलाल सिंह दानापुर के प्रगतिनगर में पत्नी अस्मिता देवी पुत्री रानी व एक बेटा के साथ किराये के मकान में रहते है। दो दिन पूर्व ही ये मकान किराये पर लिया था। नंद लाल सिंह ने बताया कि दोपहर में घर से निकले थे। पत्नी भी काम करने निकल गयी थी। बेटा स्कूल गया था। घर मे रानी थी। कुछ घंटे बाद मकान मालिक द्वारा पता चला की रानी फांसी लगा ली। कमरा का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था बालकोनी का दरवाजा खुला था। रानी फंदे से झुल रही थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौप दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि एक नाबालिग लड़की ने आत्म हत्या कर ली। शव का पोस्टमार्टम करा परिजन को सौप दिया गया।

## विवाहिता ने गले में फंदा डाल आत्महत्या कर ली

दानापुर थाना क्षेत्र के न्यूताराचक में एक विवाहिता ने गले में फंदा डाल आत्म हत्या कर ली। विवाहिता ने दुपट्टा के सहारे गले में फंदा डाल झुल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी। महिला के पिता ने ससुराल वालो के आने के बाद किसी तरह की कार्रवाई की बात कहते हुए फिलहाल कार्रवाई से इंकार कर दिया। मृतका अंशु कुमार 32 अपने पिता कृष्णा प्रसाद के यहां रह रही थी। उसका ससुराल गोरखपुर बताया जाता है। प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि न्यू ताराचक में एक महिला का गले में फंदा लगा कर अपने घर में आत्म हत्या करने की सूचना मिली थी। मृतका का नाम अंशु कुमारी है। वो अपने मैके में थी। पिता कृष्णा प्रसाद ने ससुराल वालो के आने के बाद कुछ करने की बात कही है। परिजन द्वारा आवेदन दिये जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। विवाहिता बीमार बतायी जाती है। छानबीन की जा रही है।

## राम जानकी मंदिर के सचिव यदुनंदन सिंह का निधन

मसौढ़ी !प्रखंड के प्रसिद्ध श्री राम जानकी मंदिर मसौढ़ी के सचिव यदुनंदन सिंह का रविवार को निधन हो गया।उनके निधन से पुरे क्षेत्र के धमार्नुरागियों के बीच शोक की लहर दौड़ गई।उनके पार्थिव शरीर फूल मालाओं से सुसज्जित कर सोमवार की सुबह मंदिर परिसर से उनकी शव यात्रा निकाल कर अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुआ।

## चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मसौढ़ी.स्थानीय थाना क्षेत्र से दुकान में चोरी करने के आरोप में एक युवक को दुकानदार ने दबोच लिया। जिसके बाद आरोपी की जमकर धुनाई कर मामले की सूचना पुलिस को दी गई।पुलिस के पहुंचते ही आरोपी को उनके हवाले कर दिया गया। पीड़ित दुकानदार की लिखित शिकायत पर सतीस्थान मुहल्ले निवासी सहेंद्र कुमार के पुत्र राकेश कुमार के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया।


बिहार सरकार

**भवन निर्माण विभाग**

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–57 वर्ष–2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 28.01.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 29.01.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 29.01.2025 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3, भ0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत कार्य अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, भ0 नि0 वि0, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लाख में | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation work of electrical wiring & electrical installation in saoja Khand & Tarun Khan Prisioner ward Building (Gr.+1 st) in Adarash Kendriya Kara Beur, Patna. | 12,67,173.00 | 25,400.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 2. | Renovation work of electrical wiring & electrical installation in prisio ner ward Block No.2 (Gr. Floor) of Adarsh Kendriya Kara Beur Jail Patna, Distt. Patna. | 6,58,610.00 | 13,200.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3. | Renovation work of electrical wiring & electrical installation in Godawari khand one block (Gr.+1 st+2 nd floor) of Adarsh Kendriya Kara Beur Jail Patna, Distt. Patna(Block-A). | 13,23,070.00 | 26,500.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 4. | Renovation work of electrical wiring & electrical installation in prisioner cell ward block No-1 (Gr. Floor) of Adarsh Kendriya Kara Beur Jail Patna, Distt. Patna. | 6,58,610.00 | 13,200.00 | 1250.00 | 15 Days |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

PR- 017449 ( BCD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**भवन प्रमंडल उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05 वर्ष 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 07.02.2025 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.02.2025 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.02.2025 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
(ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना।
(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (केवल (ओ–ग्रास) के माध्यम से) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing and painting of two canteen at the back side of C.O. office in the campus of Patna High Court, Patna | 101300.00 | 2100.00 | 500.00 | 02 माह |
| 2 | Repairing and painting of two canteen at the back side of C.O. office of the Patna High Court, Patna | 101500.00 | 2100.00 | 500.00 | 02 माह |
| 3 | Repairing and painting of outer and inner side of six chamber of old A.G building in Patna High court during the ensuing summer vacation | 748200.00 | 15000.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 4 | Repairing & painting of southern verandah & Provision of awning of iron/alluminium & one hut of main building of Hon'ble Chief Justice Residence no. 154 at Chajjubagh, Patna | 1067000.00 | 21400.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 5 | Repairing, painting & marble polishing of main corridor of marble hall to north side of main building of Hon'ble High Court, Patna | 289200.00 | 5800.00 | 750.00 | 02 माह |
| 6 | Repairing & painting & marble polishing of verandah of 4 court & 8 chamber (G.F & F.F) in the north side of main building (Annexy building) of Patna High Court, Patna | 692200.00 | 13900.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 7 | Repairing, painting & marble polishing of P.A. Section (F.F & S.F) of main building of Patna High Court, Patna | 765500.00 | 15400.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 8 | Repair of 1st Administrative building (Internal) in the campus of High Court, Patna | 992600.00 | 19900.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 9 | Repairing & painting & marble polishing of corridor & verandah of registrar list, Hon'ble Chief Justice chamber to middle portico (east side) of main building (G.F) of Patna High Court, Patna | 594800.00 | 11900.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 10 | Repairing, painting & marble polishing of ground floor of corridor of centenary building of Patna High Court, Patna | 1307400.00 | 26200.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 11 | Repairing & Painting of boundary wall front gate no. 1 to gate no. 3A of Patna High Court, Patna | 572900.00 | 11500.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 12 | Repairing & painting of corridor of court no. 3 to 4 (F.F) of main building of Patna High Court, Patna | 190900.00 | 3900.00 | 500.00 | 02 माह |
| 13 | Repairing & Painting of digitization department in the campus of Patna High Court, Patna | 286500.00 | 5800.00 | 750.00 | 02 माह |
| 14 | Repair and painting in stair lobby (C.yard) in Centenary Building in the campus of Patna High Court, Patna | 738900.00 | 14800.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 15 | Repairing & painting of Gents, ladies toilet near C.O. office of Patna High Court, Patna | 149600.00 | 3000.00 | 500.00 | 02 माह |
| 16 | Repairing & painting of corridor (G.F) purchase cell, marble hall (south west side) of main building of Hon'ble High Court, Patna | 810900.00 | 16300.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 17 | White washing paint work of main building in additional to painting of entire window, grill, polishing of wooden door window etc after necessary repairing at required place in Residence no. 05 at Strand Road, Patna | 1407500.00 | 28200.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 18 | Replacement of old damage tiles in main building of Residence no. 11 at Circular Road, Patna | 1492636.00 | 29900.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 19 | S/R to drain, wall paper, carpet and other works in the campus of residence no. 02 at Anne marg, Patna (Change of Occupancy) | 1216200.00 | 24400.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 20 | S/R to renovation of wardrobe in ground floor of Residence no. 15M at Strand Road, Patna (Occupied by Hon'ble Justice Khatim Raza) (Change of Occupancy) | 1370900.00 | 27500.00 | 2500.00 | 02 माह |

PR. No.017443 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र में आएँ, नि:शुल्क एच.आईवी. व यौन जनित रोग जाँच एवं उपचार पाएँ।

अवैध खनन के अभिशाप से राज्य बढ़ रहा वृहत खनन के वरदान की ओर

# नीयत नीति और नई सोच के साथ राज्य खनन उद्योग को मिलेगी नई रफ्तार : विजय

पटना, प्रात: किरण संवाददाता




उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार ओडिशा में आयोजित तीसरे राष्ट्रीय खान मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लिया। केंद्रीय खान मंत्री श्री जी किशन रेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में वृहत खनन, सामरिक महत्व के खनिजों तथा दुर्लभ मृदा खनिजों से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा कि खनिज हमें प्रकृति से मिले उपहार हैं। अतः इसका उपयोग वर्तमान और भावी पीढ़ी की जरूरतों को देखते हुए होना चाहिए। इन संसाधनों के बेलगाम दोहन से ही अवैध खनन जैसी प्रवृत्तियों का चलन बढ़ता है। इसलिए केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने अवैध खनन को लेकर ह्यजीरो टॉलरेंसह्व की नीति को अपनाया है। इसीलिए हमने बिहार में अवैध खनन को रोकने के लिए आमजन की भागीदारी पर भी बल दिया। आज हमारे ह्यबिहारी खनन योद्धाह्व के प्रयासों से ओवरलोडिंग की समस्या तो नगण्य हो ही चुकी है। साथ ही अवैध खनन पर भी काफी हद तक अंकुश लगा है।

श्री सिन्हा ने कहा कि केंद्र स्तर पर प्रधानमंत्री और राज्य में मुख्यमंत्री की सोच खनन परिदृश्य में नवाचार और नीतिगत हस्तक्षेप के जरिये सतत सुधार की रही है। इसी का परिणाम है कि बीते 11 महीने में हम खनन से जुड़े राजस्व को करीब दोगुना करने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं। यह साल बिहार के लिए इस मायने में भी अहम रहा कि झारखंड से अलग होने के बाद पहली बार राज्य ने वृहत खनन की दिशा में कदम बढ़ाया है। जुलाई में हैदराबाद में हुए हैकेथॉन में रोहतास के 2 और गया के 1 ब्लॉक सहित राज्य के 3 वृहत खनिज ब्लॉक्स की सफल नीलामी हुई। इनके अलावा रोहतास और जमुई जिलों में 3 नए वृहत खनिज ब्लॉक्स बाकायदा चिह्नित किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि ये वृहत खनिज ब्लॉक्स ग्लूकोनाइट जैसे उर्वरक के लिए उपयोगी खनिजों के साथ क्रोमियम और निकल जैसे रणनीतिक महत्व के खनिजों से जुड़े हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि इन ब्लॉक्स के अलावा जियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा सूबे के करीब दर्जन भर वृहत खनिज ब्लॉक्स की पहचान की गई है। राज्य में विंध्य पर्वत माला और छोटानागपुर के विस्तार वाले दक्षिण बिहार के सीमावर्ती जिलों में वृहद खनन की अच्छी संभावनाएं बताई जा रही हैं। आज खनन क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित उभरते तकनीकी नवाचारों के जरिये हम इन संभावित खनन क्षेत्र के युक्तिसंगत दोहन के त्वरित कार्रवाई करने जा रहे हैं।

श्री सिन्हा ने कहा झारखंड के अलग हो जाने के बाद हमारी गिनती खनिजों के मामले में एक अभावग्रस्त राज्य के रूप में हो चली थी। हमने अपने खनिज विकल्पों पर गंभीरता से विचार भी नहीं किया। लिहाजा राज्य में खनिज अन्वेषण को अपेक्षित गति नहीं दे पाए थे। लेकिन प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मुख्यमंत्री जी की सोच से खनन एवं भूतत्व विभाग नीति, नीयत और नई सोच के साथ बिहार के खनन परिदृश्य में गुणात्मक परिवर्तन लाने में जुटा है। इससे निश्चित रूप से बिहार में राजस्व एवं रोजगार को निर्णायक दिशा देने वाली उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

# बक्सर में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण जारी: मंगल

- 25 एकड़ कैम्पस में 515 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा निर्माण
- 100 छात्रों के नामांकन की क्षमता व हॉस्पिटल में 500 बेड की सुविधा
- 250 कैपेसिटी का बॉयज एवं 250 कैपेसिटी का गर्ल्स हॉस्टल



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य के लोगों को बेहतर इलाज प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य में कई मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है। बिहार सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में बहुआयामी सुधार की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए बक्सर जिले के डुमरांव में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बक्सर का निर्माण कराया जा रहा है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बक्सर का निर्माण कुल 25 एकड़ कैम्पस में 515 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। 25 एकड़ कैम्पस में हॉस्पिटल ब्लॉक, ओपीडी ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक और रेजिडेंशियल ब्लॉक आदि का निर्माण जारी है। भवन निर्माण का कार्य तेजी से जारी है जो वर्ष 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

श्री पाण्डेय ने कहा कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बक्सर में हर वर्ष 100 छात्रों के नामांकन की क्षमता होगी। इस हॉस्पिटल में 500 बेड की सुविधा दी जा रही है। साथ-साथ 250 कैपेसिटी का बॉयज हॉस्टल, 250 कैपेसिटी का गर्ल्स हॉस्टल, 54 कैपेसिटी का इंटर्न हॉस्टल, 62 कैपेसिटी का रेजिडेंट हॉस्टल और 49 कैपेसिटी का नर्स हॉस्टल बनाया जा रहा है। इस परिसर में रेजिडेंशियल ब्लॉक के तहत प्रिंसिपल, एमएस, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर रेजिडेंसी, नॉन टीचिंग स्टाफ क्वार्टर, नाइट शेल्टर और धर्मशाला भी बनाई जा रही है। इसके साथ कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में आधुनिक मेडिकल उपकरण, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सौर प्रणाली, सीसीटीवी आदि आधुनिक सुविधाएं भी लगाई जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में कई नए मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों की स्थापना की गई है। इससे न केवल छात्रों को चिकित्सा शिक्षा के लिए बेहतर अवसर मिल रहे हैं, बल्कि राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध हो रही हैं। यह कदम बिहार को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बक्सर का निर्माण बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र को नए आयाम प्रदान करेगा और राज्य को एक स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर करेगा।

# जाति सर्वे को राहुल गांधी कह रहे फेक तो तेजस्वी ले रहे श्रेय, फर्जी कौन ?: जदयू

पटना, प्रात: किरण संवाददाता




जदयू विधान पार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव और पार्टी नेता ललन प्रसाद ने पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बिहार में जातिगत सर्वे को फर्जी कहने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से दलितों, पिछड़ों की हकमारी की है और उन्हें उनका वाजिब अधिकार नहीं दिया। कर्नाटक में जातिगत जनगणना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि साल 2014 में कांग्रेस की सिद्धरमैया सरकार ने जातिगत जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी की और इस सर्वे पर कुल 169 करोड़ रुपए खर्च किए गए। लेकिन जून 2016 में सरकार को रिपोर्ट को सौंपने के वादे के बाद भी आजतक रिपोर्ट न तो राज्य सरकार को सौंपी गई और ना ही इसे आजतक सार्वजनिक किया गया।

इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने राहुल गांधी से अहम सवाल पूछे : कहा कि अगर राहुल गांधी ये दावा करते हैं कि बिहार में जाति सर्वे की रिपोर्ट फर्जी है तो फिर उन्होंने सर्वदलीय सहमति की बैठक में कैसे हिस्सा लिया? जाति सर्वे को लेकर आजतक किसी राजनीतिक दल और उसके नेता ने विधिवत तौर पर एक भी आपत्ति जाहिर नहीं की, तो क्या ये माना जाए कि लालू प्रसाद अज्ञानी हैं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अज्ञानी हैं साथ ही बिहार में ह्यइंडीह्व गठबंधन में शामिल दलों के नेता अज्ञानी हैं? जाति सर्वे का श्रेय तेजस्वी यादव ले रहे थे तो फिर उनके ही गठबंधन के भागीदार राहुल गांधी ने इस सर्वे को कैसे फर्जी बता दिया? इसका मतलब है कि तेजस्वी यादव फर्जी श्रेय ले रहे थे?

# केंद्रीय मंत्री चिराग ने सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री को लिखा पत्र


- गिरी, गोस्वामी, अतिथ, पुरी जाति को भारत सरकार के अतिपिछड़ा जाति के सूची में शामिल करने की मांग की



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बिहार के गिरी, गोस्वामी, अतिथ, पुरी जाति को भारत सरकार के अतिपिछड़ा जाति के सूची में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री, विधि मंत्री, गृह मंत्रालय और पिछड़ा वर्ग आयोग को पत्र लिखा है। श्री चिराग ने अपने पत्र में इन जातियों के सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक हालात और गरीबी की विस्तृत चर्चा करते हुए लिखा है कि बिहार में गिरी, गोस्वामी, अतिथ संन्यासी जाति का सर्वेक्षण कराने के बाद बिहार सरकार ने इन जातियों को अतिपिछड़ी जाति की सूची में शामिल किया है और केन्द्र की सरकार से इन जातियों को अतिपिछड़ी जाति के सूची में शामिल करने की अनुसंशा भी किया था जो भारत सरकार के विचार के लिए लम्बित पड़ा हुआ है। इन जातियों को भारत सरकार के सूची में शामिल करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह सम्बन्धित मंत्रालयों से किया है। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

# गोपालगंज में शिक्षक हत्याकांड मामले में राज्यपाल से मिले पप्पू यादव



- कहा- शिक्षक अरविन्द यादव हत्याकांड की जांच सीबीआई से हो, प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बेहद खराब

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

गोपालगंज में शिक्षक अरविन्द यादव की हत्याकांड मामले को लेकर सोमवार की शाम पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन ऊर्फ पप्पू यादव ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को पूरे मामले को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल में प्रेमचंद सिंह,राघवेंद्र कुशवाहा,राजेश रंजन पप्पू भी मौजूद थे।

मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन ऊर्फ पप्पू यादव ने कहा कि राज्य में सत्ता संरक्षित अपराध हो रहे हैं। इसमें कई राजनीतिक दल के लोग भी शामिल हैं। गोपालगंज में शिक्षक अरविन्द यादव की हत्याकांड की जांच सीबीआई से होनी चाहिए। इससें कई राजनीतिक दलों के लोग शामिल हैं। राज्यपाल से मिलकर पूरे घटना की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश लॉ एंड ऑर्डर स्थिति बदत्तर है। पटना में आज 4 हत्याएं हुई है।

गोपालगंज, सीवान, छपरा में खास पार्टी द्वारा लगातार राजनीतिक हत्याओं की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। जमीन-बालू और शराब को लेकर इस तरह की वारदात हो रही है। अरविंद यादव की हत्या भी शूटर को पैसा देकर करवाया गया है। हत्याकांड की जांच सीबीआई और एसआईटी से करायी जायें। कल हमनें गोपालगंज जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की है। पूरे जिले में दहशत का माहौल है।

उन्होंने कहा कि बेतिया में अभी शराब पीकर पांच लोग मर गये। आखिरकार से ये शराब कौन बेच रहा है। प्रदेश में बड़े-बड़े शराब माफिया मंत्री और विधायक बन गये हैं। आर्थिक अपराध इकाई माफियाओं की संपत्ति जांच क्यों नहीं कर रही है। प्रतिदिन हत्या,लूट सहित कई अपराध हो रहे हैं। सरकार इसे रोकने में विफल साबित हो रही है।

# कनीय अभियंता के पद पर चयनित 6341 अभ्यर्थियों को 04 फरवरी को मुख्यमंत्री सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

- जल संसाधन विभाग में 2338 कनीय अभियंता की नियुक्ति के लिए काउंसेलिंग एवं सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन संपन्न

काउंसेलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को एक और मौका देने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा की जा रही है तैयारी

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में कनीय अभियंता असैनिक, यांत्रिक विद्युत के पद पर नियुक्ति हेतु चयनित कुल 6341 अभ्यर्थियों को काउंसेलिंग के उपरांत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम 04 फरवरी को आयोजित होने की संभावना है। इस संबंध में प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल द्वारा पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, भवन निर्माण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, लघु जल संसाधन, योजना एवं विकास तथा नगर विकास एवं आवास विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव को पत्र लिख कर नियुक्ति से संबंधित सारी प्रक्रिया शीघ्र संपन्न करने का अनुरोध किया गया है।

इस बीच जल संसाधन विभाग में कनीय अभियंता असैनिक, यांत्रिक, विद्युत के 2338 पदों पर नियुक्ति हेतु तकनीकी सेवा आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग एवं सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया अधिवेशन भवन में 14 से 19 जनवरी तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इसमें शामिल पदाधिकारियों से विभाग को सकारात्मक रिस्पांस प्राप्त हुआ है। काउंसेलिंग में 228 अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को एक और मौका देने के लिए विभाग द्वारा यह कार्यक्रम पुनः आयोजित करने की तैयारी की जा रही है।

## नीतीश कुमार ने बिहार को विकास और गवर्नेंस की नयी शब्दावलियां दी : नवल

पटना। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को विकास और गवर्नेंस की नयी शब्दावलियां दीं और उन्हें सफलतापूर्वक जमीन पर उतार भी दिया। ह्यपांच एसह्व यानि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, साइकिल, और सुरक्षा । यह विकास की ऐसी शब्दावलियां हैं जो नीतीश कुमार के पूर्व न कभी सुनी गईं थीं न महसूस की गईं थीं । लालू जी के शासनकाल में बिहार के लोग इस तरह के शब्दों को सुनने के लिए तरस गए थे । इसी प्रकार ह्यतीन सीह्व यानि क्राइम, करप्शन और कम्युनलिज्म । सारे लोग जानते हैं कि नीतीश कुमार ने आज तक अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता से कभी समझौता नहीं किया । यह शुद्ध रूप से शासकीय विजन का मसला है जिसका थोड़ा अंश भी तेजस्वी यादव में दूर दूर तक नहीं दिखता । तेजस्वी जिस परंपरा के प्रतिनिधि हैं उसमें गवर्नेंस और विकास के लिए कोई जगह नहीं।

# नीतीश कुमार की अगुवाई में विकास की ऊंचाईयां छू रहा बिहार: मनीष

पटना। जद यू प्रदेश प्रवक्ता मनीष यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार विकास के शिखर छू रहा है। फेसबुक लाइव के माध्यम से दर्शकों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान बदहाल बिहार को विकास की पटरी पर लाने का काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी के राज्य में जाति आधारित सर्वे को फर्जी कहने पर सख्त एतराज जताया। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आज बिहार में चाहे वो रोड कनेक्टिविटी हो, बिजली की उपलब्धता हो, हर घर नल से पहुंचाने की बात हो माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हर क्षेत्र में काम किया है जिससे लोगों को जीवन सुलभ हो सका है। साल 2005 में राज्य की सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त करने की बात की जिसके परिणामस्वरुप साल 2006 में महिलाओं को पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया वहीं साल 2007 में नगर निकायों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण उपलब्ध कराया। मुख्यमंत्री के इस क्रांतिकारी फैसले से राजनीतिक क्षेत्र में रिकॉर्ड की संख्या में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी।

# कर्पूरी जयंती को सफल बनाने के लिए ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज एवं अतिपिछड़ा मुस्लिम संगठन की बैठक

पटना। पार्टी प्रदेश कार्यालय में जनता दल यू की प्रदेश प्रवक्ता सह राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष अंजुम आरा की अगुवाई में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज एवं अतिपिछड़ा मुस्लिम संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जनता दल यू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी की उपस्थिति में जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ कमिटी में अति पिछड़ा मुस्लिम समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर गहन विमर्श किया गया। बैठक के दौरान शामिल सदस्यों ने एक राय से अति पिछड़ा मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों को सराहा और कहा कि उनकी सरकार में अति पिछड़ा मुस्लिम समुदाय को उनका वाजिब हक और सम्मान मिला। बैठक के दौरान 24 जनवरी को आयोजित होने वाली जननायक कपूर्री ठाकुर की 101वीं जयंती समारोह में अतिपिछड़ा मुस्लिम समाज की मजबूत उपस्थिति को लेकर भी चर्चा गई। इस दौरान जनता दल यू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में अति पिछड़ा समुदाय की बेहतर के लिए कई क्रांतिकारी फैसले लिए गए जिससे आज ये राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त हुआ और आत्मसम्मान की जिंदगी व्यतीत कर रहा है। उक्त मौके पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समुदाय की तरफ से मो कमरुद्दीन अंसारी, मो रेजाउद्दीन बक्खो, सरफराज अंसारी, मुस्ताफ राहत राईन, रिजवान अंसारी, लियाकत अली, रुबिना सलीम जबकि अति पिछड़ा मुस्लिम संगठन की तरफ से नूर हसन आजाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उपेंद्र कुशवाहा जिस समाजवादी विचारधारा के वाहक उसके प्रकाश स्तंभ है कर्पूरी ठाकुर: रामपुकार

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश प्रवक्ता व महासचिव राम पुकार सिन्हा ने पकहा है कि आगामी 23 जनवरी 2025 को श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार की ओर से भारत रत्न व जननायक स्व कपूर्री ठाकुर जी की 101 वीं जयंती मनाई जाएगी।इस कार्यक्रम का उद्घाटन रालोमो सुप्रीमों व भारत सरकार के पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा करेंगे। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य एवं दलित महादलित,पिछड़ा अतिपिछड़ा व लवकुश समाज में मजबूत पकड़ रखने वाले रामेश्वर कुमार महतो राष्ट्रीय लोक मोर्चा की सदस्यता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद श्री उपेंद्र कुशवाहा के हाथों ग्रहण करेंगे। पार्टी प्रवक्ता श्री सिन्हा ने कहा कि हमारे नेता उपेंद्र कुशवाहा जिस समाजवादी विचारधारा के वाहक है,उनके प्रकाश स्तंभ जननायक कपूर्री ठाकुर जी है ।उनके उच्च आदर्शो पर चलते हुए श्री उपेंद्र कुशवाहा शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित रहते है और वे बिहार के भविष्य है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा आगामी 23 जनवरी 2025 को जननायक व भारत रत्न स्व कपूर्री ठाकुर जी के 101 वीं जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाना है।

# पिंक टॉयलेट से महिलाओं की सुरक्षा को मिलेगा बढ़ावा

## पटना नगर निगम द्वारा गणतंत्र दिवस परेड में दिखेगी झलक

पटना। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को आयोजित होने वाली परेड में पिंक टॉयलेट को बढ़ावा देने के लिए पटना नगर निगम झांकी निकाली जा रही है। परेड में इस बार झांकी के रूप में मोबाइल पिंक टॉयलेट एवं लू कैफे ही उपस्थित रहेगा। इसके साथ ही महिला कर्मचारी परेड में इसके प्रयोग व फायदों के बारे में बताती नजर आएंगी। टॉयलेट की विशेषता यह है कि यह कबाड़ से जुगाड़ की थीम पर शहर की पुरानी एवं बेकार बसों का जीर्णोद्धार कर बनाए गए हैं। पुरुष के लिए लू कैफे एवं महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट पूरी तरह से निःशुल्क है।

**शहर में हैं 6 मोबाइल पिंक टॉयलेट:** पटना नगर निगम द्वारा 6 मोबाइल पिंक टॉयलेट संचालित की जा रही हैं. इनमें चार्जिंग प्वाइंट, कैंटीन, वॉश बेसिन, चाइल्ड डे केयर, रेस्टोरेंट, रेस्ट रूम, सेनेटरी मशीन और टॉयलेट की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस पिंक टॉयलेट का संचालन भी महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है, जबकि साफ-सफाई का जिम्मा महिला स्वच्छांगिनी को सौंपा गया है। इसके साथ ही इसमें फूड कोर्ट की भी व्यवस्था है।

**आधे हिस्से में बना है फूड कोर्ट:** नगर निगम ने विशेष रूप से बसों को तैयार किया है। सेनेटरी नैपकीन व वेंडिंग मशीन की व्यवस्था के साथ ही बस के पिछले हिस्से में फूड कोर्ट बनाया गया है। इसमें फास्ट फूड, कॉफी, दूध, बिस्कुट और अन्य खाने-पीने की चीजें मिल रही हैं। ये बसें विशेष रूप से सार्वजनिक स्थानों पर तैनात की जाती हैं, जहां अधिक भीड़ आती हैं।*' अभी मरीन ड्राइव, तारामंडल, मौर्या लोक, गांधी मैदान आदि जगहों पर लगाया गया है।

# एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन : 243 सीटों का लक्ष्य तय कर जीतने की तैयारी

## परिवारवादी पार्टी के युवराज को जनहित की कोई चिंता नहीं: उमेश सिंह



पटना। सारण जिला के छपरा में सोमवार को आयोजित एनडीए जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने हरेक बूथ पर गठबंधन की एकता और सामंजस्यता को बनाए रखने का आह्वान किया। आगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 19 वर्षों के शासनकाल में समाज के सभी वर्गों का उत्थान किया है। हरेक शोषित, वंचित और कमजोर तबकों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंच सके इस दिशा में भी निरंतर कार्य जारी है। यही कारण है कि हमारे नेता की जनस्वीकार्यता दिनोंदिन बढ़ रही है।

साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने राजद को भी आड़ें हाथों लेते हुए कहा कि परिवारवादी पार्टी के युवराज को जनहित की दूर-दूर तक कोई चिंता नहीं है। निजी स्वार्थ की राजनीति राजद की पुरानी पहचान रही है। 15 वर्षों के शासनकाल में एक लालू परिवार के अलावे दूसरा किसी व्यक्ति का कल्याण नहीं हुआ। वहीं, दूसरी ओर एनडीए के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। इन दोनों के नेताओं के राजनीतिक दामन पर कभी परिवारवाद या भ्रष्टाचार का एक छींटा तक नहीं पड़ा। किस प्रकार जनता का कल्याण हो यही मोदी-नीतीश की पहली प्राथमिकता रही है।

श्री कुशवाहा ने कहा कि झूठ, छल और दुष्प्रचार राजद का राजनीतिक आधार है इसलिए उनके बहकावे में हमें कभी नहीं आना है। साथ ही उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में लूट, हत्या और अपरहण से आम जनता त्रस्त थी और चारों ओर सत्ता पोषित अपराधियों का तांडव था। हमारे नेता नेता ने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाने का काम किया और आज प्रदेश से भय का माहौल पूरी तरह से समाप्त हो चुका है।

उक्त मौके पर हम से के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी एवं रालोमो के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चैधरी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधान पार्षद विरेन्द्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चैधरी, पूर्व मंत्री चंद्रिका राय, पूर्व मंत्री गौतम सिंह, पूर्व मंत्री महाचन्द्र सिंह, एनडीए प्रदेश कार्यक्रम संयोजक एवं जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह सहितमाननीय विधायकगण एवं एनडीए के कई वरीय नेतागण उपस्थित रहे।

## हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक मोदी सरकार की उपलब्धियों और प्रदेश की विकास नीतियों को हर घर तक नहीं पहुंचाते : दिलीप

पटना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने आज दावा करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार कुछ भी कर सकती है, वह हमने विगत कुछ वर्षों में देखा है और आगे भी निरंतर भाव से यही हो रहा है। उन्होंने साफ करते हुए कहा कि कार्यकर्ता तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक हम मोदी सरकार की उपलब्धियों को और प्रदेश के विकास के प्रति एनडीए की सोच को लेकर प्रदेश के हर घर तक नहीं पहुंच जाएं।

एनडीए घटक दलों के सभी प्रदेश अध्यक्षों ने आज छपरा के राजेन्द्र स्टेडियम में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेते हुए कार्यकताओं को प्रदेश में 225 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज कराने का संकल्प दिलाया। इस सम्मेलन को एनडीए की एकजुटता का प्रदर्शन भी माना जा रहा है।

इस एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अलावा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा आर के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने संयुक्त रूप से भाग लिया और सभी कार्यकताओं में जोश भरा।

सम्मेलन में आए एनडीए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के अंदर हुए विकास की चर्चा आज देश में हो रही है। एक तरफ जहां महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है, वहीं युवाओं को रोजगार देने की योजना सफल हो रही है। नीतीश कुमार ने जितना बिहार में काम किया है, उसकी जितनी तारीफ की जाए, वह कम है।

उन्होंने कहा कि पहले के बिहार और नीतीश कुमार के बिहार में जमीन-आसमान का अंतर है। पहले गांव में बिजली नहीं थी। पहले लोग लालटेन से काम चलाते थे, लेकिन अब लोगों ने लालटेन छोड़ दिया या फोड़ दिया है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए राजद पर तंज कसते हुए कहा कि वे लोग सामाजिक न्याय की बात करते हैं, लेकिन वे परिवारवाद से बाहर नहीं निकलते हैं।

उन्होंने कहा, ह्लकोई भी किसी भी तरीके से भारतीय जनता पार्टी और अन्य घटक दलों का सदस्य बने हैं, तो यह समझना चाहिए कि आप बहुत भाग्यशाली हैं जो आपको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। देश की बाकी अन्य पार्टियों में किसी के पास नेता है तो नीति नहीं, नीति है तो नीयत नहीं, नीयत है तो कार्यकर्ता नहीं, कार्यकर्ता है तो कार्यक्रम नहीं, लेकिन यह केवल और केवल एनडीए ही है जिसके पास नेता भी है, नीति भी, नीयत भी, कार्यकर्ता और कार्यक्रम भी।ह्व प्रदेश अध्यक्ष जायसवाल ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता पांडव की फौज है और अगले विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम पांडव और विपक्षी कौरव सेना में टक्कर होगी और हम विजई होंगे।

उन्होंने कहा कि आज सभी एनडीए कार्यकताओं को इसका गुमान है कि इतने संगठित, व्यवस्थित और पारिश्रमिक कार्यकताओं की फौज के गठबंधन को कोई नहीं रोक सकता।

# एनडीए का कलह आया बाहर, जीतन राम मांझी को एनडीए ने किया आउट!: राठौड़

पटना। बिहार में एनडीए में सीट बंटवारे पर ताजा विवाद पर कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कटाक्ष करते हुए सवाल किया कि जब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बयान दे दिया है कि एनडीए में सीट बंटवारा हो चुका है तब जीतन राम मांझी क्यों सीट की डिमांड रोज नए मंचों से कर रहे हैं, क्या उनको इस गठबंधन से हटा दिया गया है या उनका हाल भी भाजपा जदयू मिलकर पशुपति पारस जैसा करने वाली है?

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि बिहार में एनडीए की गड़बड़ी सामने आने लगी है। पहले उपेन्द्र कुशवाहा और अब जीतन राम मांझी की बातें ये बताने को काफी है कि एनडीए में सीट बंटवारे से जुड़ी कलह अब सामने आने लगी है और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का गलतबयानी भी हकीकत स्पष्ट कर रही है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के 20 सीटों के मांग ने यह बता दिया है कि एनडीए में उनका हाल भी पशुपति कुमार पारस जैसा है। बिहार में भाजपा ने अपने सहयोगियों को दोयम दर्जे पर रख कर सीटों का बंटवारा कर दिया है और अपने सहयोगियों को भी वास्तविक स्थिति साझा नहीं किया है। जब भाजपा के अध्यक्ष ने सीट बंटवारे की बात कह दी है तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि क्या मांझी के बगैर ही वो सीटों का बंटवारा कर चुकी है। बिहार एनडीए में फूट नई नहीं है इससे पहले भी ऐसे बयान सहयोगियों द्वारा आ चुके हैं और आने वाले समय में उनके द्वारा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लिए भी चिराग पासवान की लोजपा का भाजपा पुनः इस्तेमाल करने वाली है। जीतन राम मांझी का बयान यह स्पष्ट करता है कि सीट बंटवारे पर एनडीए में संशय बना हुआ है और भाजपा जदयू अपने अन्य सभी सहयोगियों को दरकिनार कर रही है। जीतन राम मांझी ने भाजपा के हालिया धोखे पर उसको औकात बताने की कसम खाई थी और अब वो कसम धरातल पर दिखनी शुरू हो चुकी है।

सम्पादकीय

# मुफ्तखोरी के चुनाव

भाजपा का दिल्ली संकल्प-पत्र भी मुफ्त की रेवडिों का संकलन लगता है। इसी के साथ सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने मुफ्तखोरी के पिटारे खोल दिए हैं। यह मुफ्तखोरी का दौर है। यदि औसत आदमी को बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य मुफ्त में ही मिल जाएं। ह्यआयुष्मान भारतह्ल योजना के साथ 5 लाख रुपए तक का इलाज (यानी 10 लाख रुपए तक मुफ्त) भी ह्यफ्रीह्ल में उपलब्ध हो जाए। यदि 2100 रुपए से 2500 रुपए तक माहवार मुफ्त में ही महिलाओं को मिलते रहें, यदि बुजुर्गों की पेंशन भी 2500-3000 रुपए तय कर दी जाए, तीर्थ-यात्रा भी मुफ्त में कराई जाए, बस-यात्रा और मेट्रो-यात्रा भी मुफ्त या आधी हो जाए, देश भर में 81 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मुफ्त अनाज बांटने के अतिरिक्त 5 रुपए में भरपेट खाने की योजना भी मिल जाए, तो बेहद अहम सवाल है कि काम कौन और क्यों करेगा? यदि देश में कमेरों की संख्या लगातार कम होती जाएगी, तो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का क्या होगा? औसत व्यक्ति की मांग, उपभोग ही कम होते जाएं, तो उत्पादन और बाजार के हालात कैसे होंगे? जिस देश में अधिकतर आबादी मुफ्तखोरी पर जिंदा हो, तो उसकी अर्थव्यवस्था ह्यविकसितह्ल कैसे हो सकती है? पहले किसी भी चुनाव में, रात के अंधेरों में, शराब के साथ नोट भी बांटे जाते थे, लेकिन अब खुल्लमखुल्ला पैसा ही नहीं, साड़ी, कंबल, चादर, जूते-चप्पल और सोने की चेन (जैसी चर्चा है) तक बांटी जा रही हैं। आचार-संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सब खामोश और मूकदर्शक बने हैं। यह जनादेश का चुनाव है या एक-एक वोट खरीदा जा रहा है अथवा लोकतंत्र ही बेचा जा रहा है। मुफ्तखोरी की इस राजनीति ने आम आदमी को ह्यभिखारीह्ल ही बना दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के दो बयान गौरतलब हैं, लेकिन विरोधाभासी भी हैं। प्रधानमंत्री ने करीब दो साल पहले, किसी चुनाव में ही, कहा था कि रेवडिों की संस्कृति से देश का बंटाधार हो जाएगा। देश की अर्थव्यवस्था के लिए यह बहुत खतरनाक है। दूसरा बयान था-रेवड़ी कल्चर जनता को मूर्ख बनाने की कोशिश है। विरोधाभास यह है कि प्रधानमंत्री की पार्टी भाजपा ही सबसे अधिक, व्यापक स्तर पर, रेवडिां बांट रही है। आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीति तो दिल्ली, पंजाब तक सीमित है।

कांग्रेस की तीन राज्यों में ही सरकारें हैं। भाजपा-एनडीए की सरकारें 20 से अधिक राज्यों में हैं। सवाल है कि देश प्रधानमंत्री के बयान पर भरोसा करे अथवा चुपचाप मुफ्तखोरी का माल ग्रहण करता रहे? आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तो रेवडिों को भगवान का प्रसाद माना है। आप की दलीलें हैं कि उद्योगपतियों के 15-16 लाख करोड़ रुपए माफ किए जा सकते हैं, तो आम आदमी को कुछ सुविधाएं देना भी कल्याणकारी सरकारों का दायित्व है। दिल्ली चुनाव में मुफ्तखोरी की तो बहार है, लेकिन किसी भी दल ने नौकरी, रोजगार मुहैया कराने की चरणबद्ध योजना की घोषणा नहीं की है। यह प्रवृत्ति फिलहाल तो दिल्ली चुनाव में ही देखी जा रही है, अलबत्ता अन्य राज्यों के चुनावों में भी ऐसा लगता है मानो खुलेआम रिश्वत बांटी जा रही है! दिल्ली में भाजपा को यह घोषणा भी करनी पड़ी है कि यदि उनकी सरकार आई, तो ह्यआपह्ल सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को भी जारी रखा जाएगा। उन्हें अधिक कारगर और भ्रष्टाचार-मुक्त बनाया जा सकता है। यदि भाजपा ह्यआपह्ल सरकार की योजनाओं को भी जारी रखना चाहती है, तो सवाल है कि फिर भाजपा को ही जनादेश क्यों दिया जाए? बहरहाल अभी देश पर करीब 200 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। यह कर्ज क्यों लेना पड़ा, देश के सामने स्थिति साफ नहीं है, लेकिन जीडीपी का मोटा हिस्सा कर्ज चुकाने में ही खर्च हो जाता है। राज्यों पर भी 3 लाख करोड़ से लेकर 7.5 लाख करोड़ रुपए तक के कर्ज हैं। दिल्ली अर्द्धराज्य में भी 15,881 करोड़ रुपए का वित्तीय घाटा दिखाया गया है। ऐसे देश में मुफ्तखोरी की राजनीति करना, रेवडिों की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करना क्या देशहित में है? स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि देश की राजनीति इस समय मुफ्तखोर जनता को पैदा कर रही है। कई देशों में इस तरह की राजनीति के भयंकर परिणाम सामने आ चुके हैं। अब समय आ गया है कि मुफ्तखोरी की राजनीति को रोकने के लिए सभी दलों को देशहित में सोचना होगा। काम से दूर करना और मुफ्तखोरी की आदत डालने से भारत विकसित देश नहीं बन पाएगा। देश के हर नागरिक को डटकर काम करना होगा, आर्थिकी में सहयोग करना होगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। मुफ्त की सुविधाएं बांटने के बजाय दलों को सभी युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने होंगे।

# प्रवासियों से बढ़ेगा विदेशी निवेश

डा. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां भारत के प्रवासी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल ग्रोथ में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुतः विदेशों में भारत के प्रवासी भारत के राजदूत हैं और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में अब भारत ने 2024 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए दिखाई दे रहे हैं। इस सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी यह कहते हुए दिखाई दिए कि नए वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए यह जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक परिवेश को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े।

गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया, जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खास तौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्र शासित क्षेत्रों में रहा है तथा यह एफडीआई का अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार एक बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस ने कुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निःसंदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक 8.2 फीसदी रही है और इस चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है। भारत में तेजी से विदेशी निवेश आकर्षित होने के कई कारण हैं। भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रुझान जनसांख्यिकी, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और डीग्लोबलाइजेशन न्यू इंडिया के पक्ष में हैं। भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है।

# डॉक्टर और कंपनियों का कपट जाल : दवाओं की कीमत में उछाल

**नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए, की दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फामेर्सी को चुनते हैं। यही नहीं दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाए कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रुपए का इंजेक्शन बारह हजार में न खरीदना पड़े। हर्बल दवाइयों और ओवर-द-काउंटर दवाइयों के प्रकार जो फामेर्सी के अलावा अन्य दुकानों, जैसे सुपरमार्केट और कियोस्क में बेची जा सकती हैं, उनकी की कीमतों में बदलाव की अनुमति सरकार से हो। ये कीमतें पूरी तरह से स्टोर द्वारा निर्धारित की जाती हैं, इसलिए आपको एक स्टोर से दूसरे स्टोर में कीमतों में अंतर का अनुभव होता है।**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार**

नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए, की दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फामेर्सी को चुनते हैं। यही नहीं दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाए कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रुपए का इंजेक्शन बारह हजार में न खरीदना पड़े। हर्बल दवाइयों और ओवर-द-काउंटर दवाइयों के प्रकार जो फामेर्सी के अलावा अन्य दुकानों, जैसे सुपरमार्केट और कियोस्क में बेची जा सकती हैं, उनकी की कीमतों में बदलाव की अनुमति सरकार से हो। ये कीमतें पूरी तरह से स्टोर द्वारा निर्धारित की जाती हैं, इसलिए आपको एक स्टोर से दूसरे स्टोर में कीमतों में अंतर का अनुभव होता है।

देश में दवाओं की कीमत सरकार नहीं बल्कि डॉक्टर खुद तय कर रहे हैं। डॉक्टर अपने मुताबिक ब्रांड बनवाते हैं। कीमत फिक्स करते हैं। 38 रुपए की दवा की एमआरपी 1200 रुपए कर दी जा रही है। यह महज एक एग्जाम्पल है, ऐसा तमाम दवाओं में किया जा रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं, 20 साल में 40 हजार करोड़ से दवा का कारोबार 2 लाख करोड़ के पास पहुँच गया है। इसका बड़ा कारण वह एमआरपी में बड़े खेल को मानते हैं। 2005 से 2009 तक 50 प्रतिशत एमआरपी पर दवाएँ बिक रही थी। अगर 1200 रुपए की एमआरपी है तो डीलर को 600 रुपए में दी जाती थी। अब डॉक्टर अपने हिसाब से ही एमआरपी तय करवा रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार डॉक्टर दवाओं के रेट तय नहीं करते। दवाओं के रेट, दवा बनाने वाली कंपनियाँ तय करती हैं। दवाओं के रेट तय करने में कई कारक शामिल होते हैं। दवाओं पर व्यापारियों को अच्छा मुनाफा होता है।

ब्रांडेड दवाओं पर रिटेलर ज्यादा से ज्यादा 20-25 प्रतिशत तक की छूट देते हैं। जेनेरिक दवाओं पर 50-70 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। जेनेरिक दवाएँ सस्ती होती हैं क्योंकि उन्हें महंगी जांचों से नहीं गुजरना पड़ता। दवा खरीदते समय, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड होना चाहिए. दवा के रैपर पर क्यूआर कोड से दवा का नाम, ब्रैंड का नाम, मैन्युफैक्चरर की जानकारी, मैन्युफैक्चरिंग की तारीख और एक्सपायरी की तारीख मिलती है। दवाओं या उनके अवयवों के बारे में जानकारी के लिए, डॉक्टर या फार्मासिस्ट से पूछा जा सकता है। मगर जो दवाएँ सरकार के कंट्रोल से बाहर, उनमें मनमानी दवा की क्वालिटी और एमआरपी की निगरानी के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइस अथॉरिटी काम करती है। सरकार ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से दवा की एमआरपी पर नियंत्रण रखती है। आवश्यक और जीवन रक्षक दवाओं के लिए अधिकतम मूल्य निर्धारित करने के साथ डीपीसीओ की जिम्मेदारी मरीजों के लिए दवाएँ सस्ती और सुलभ कराने की भी है।

सरकार जिन दवा को डीपीसीओ के अंडर में लाती है, उनकी एमआरपी तो कंट्रोल में होती है, लेकिन सैकड़ों फॉर्मूले की दवाएँ आज भी सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, जिसकी एमआर पी में मनमानी चल रही है। दवाओं की कीमतों में इजाफे को लेकर सरकार की गाइडलाइन है कि एक साल में 10 प्रतिशत ही एमआरपी बढ़ाई जा सकती है। लेकिन कंपनियाँ प्रोडक्ट्स का नाम बदलकर हर साल डॉक्टरों की डिमांड वाली एमआरपी बना रही हैं। कंपनियाँ अलग डिवीजन और ब्रांड बदलकर एमआरपी अपने हिसाब से फिक्स कर देती हैं।

फार्मा फैक्ट्रियों से ही देश में दवाएँ सप्लाई की जाती हैं। कंपनियों और डॉक्टरों के इस खेल में कंपनियाँ अपने मुनाफे के लिए नियमों को ताक पर रखकर डॉक्टरों के हिसाब से न सिर्फ.दवाएँ बनाने को तैयार हो जाती है, बल्कि मनमानी कीमत भी तय कर देती है। यही नहीं इन कंपनियों से मोबाइल पर ही डील हो जाती है। तभी तो देश भर में डॉक्टर और हॉस्पिटल खुद अपनी दवाएँ बनवा ही रहे हैं और मनमाफिक मूल्य पर बेच रहे है। डॉक्टर और हॉस्पिटल तो खुद अपनी दवाएँ बनवा रहे हैं और माइक्रो पायलट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे ही एक्सपायरी निर्धारित होती है। अगर दवा में माइक्रो पायलट की क्वालिटी थोड़ी डाउन कर दी जाए तो मार्जिन बढ़ जाएगा, लेकिन एक्सपायरी का समय कम हो जाएगा। इसके पीछे कारण यह कि मटेरियल और एक्सपायरी को लेकर सरकार की कोई गाइडलाइन नहीं है। एक्सपायरी की डेट भी कंपनियाँ तय करती हैं। सरकार के कंट्रोल में जो दवाएँ हैं, इसे लेकर थोड़ी सख्ती है। बाकी मेडिसिन पर कोई खास निगरानी नहीं है। ये एक गंभीर विषय है कि दवा का निर्माण, आयात या बिक्री करने वाली कंपनियाँ ही दवा की कीमतें निर्धारित करती हैं।

नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए, की दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फामेर्सी को चुनते हैं। यही नहीं दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाए कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रुपए का इंजेक्शन बारह हजार में न खरीदना पड़े। हर्बल दवाइयों और ओवर-द-काउंटर दवाइयों के प्रकार जो फामेर्सी के अलावा अन्य दुकानों, जैसे सुपरमार्केट और कियोस्क में बेची जा सकती हैं, उनकी की कीमतों में बदलाव की अनुमति सरकार से हो। ये कीमतें पूरी तरह से स्टोर द्वारा निर्धारित की जाती हैं, इसलिए आपको एक स्टोर से दूसरे स्टोर में कीमतों में अंतर का अनुभव होता है।

# क्या आप भी जाएंगे कुंभ में स्नान के लिए?

**विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दशार्ता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले की शुरूआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था।**





**आर.के. सिन्हा**
**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आ रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दशार्ता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले की शुरूआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही ह्यतीर्थराजह्ल के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। ह्यपद्म पुराणह्ल में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। ह्यमत्स्य पुराणह्ल में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहाँ विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है।

अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहाँ सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। अगर आप आएंगे तो

कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दशार्ता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं।

कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहाँ साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं।

# कांग्रेस का कार्यालय तो नया पर पार्टी की समस्यायें पुरानी

रहीम खान

भारतीय राजनीति में पांच दशक तक केन्द्र और राज्य की राजनीति में एकतरफा हुकुमत करने वाली कांग्रेस पार्टी 2014 के बाद लगातार राजनीतिक संक्रमण काल से गुजर रही है। जिससे बाहर निकलने के वह प्रयास अवश्य करती है परन्तु सफलता उस तरह की नहीं मिल पाती। लोकसभा चुनाव 2014 में उसके 44 सांसद, 2019 में 52 सांसद थे परन्तु राहुल गांधी की पदयात्रा का प्रभाव था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अपने 100 सांसद तक पहुंच गई है। इसके बाद भी उसकी जो समस्यायें है कम होने का नाम नहीं ले रही है। उम्मीद थी कि लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कुछ अच्छा करेगी परन्तु ऐसा कुछ नहीं हुआ और दोनों जगह उसे निराशा का सामना करना पड़ा। कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरियां अपनी जगह यथावत है। इसमें सुधार की केवल बातें की जाती है। धरातल में इसके कोई सुधार होते दिखते नहीं। निरंतर पराजय से कार्यकर्ता से निराशा में डूबा हुआ है। जिला राज्य और केन्द्र तीनों जगह कांग्रेस संगठन कमजोर है। जिसके कारण कांग्रेस को हम कदम में एक नये संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे प्रतिकूल परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी ने अपने नये कार्यालय का उद्घाटन गत दिवस किया है यह अच्छी बात है। परन्तु पार्टी की जो समस्यायें है वह पुरानी है जब तक वह बाहर नहीं निकलेगी और सरकारें नहीं बनेगी तो वह एक मजबूत स्वरूप ग्रहण नहीं कर पायेगी। कांग्रेस की दिक्कत यह है कि वह चुनाव परिणाम के पश्चात अपने प्रदर्शन में ईमानदारी के साथ आत्ममंथन नहीं करती। उससे दूर भागती है जिसके कारण बेसिक समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता। कांग्रेस पार्टी का नया मुख्यालय जो इंदिरा भवन 9ए कोटला रोड नई दिल्ली है। इसके निर्माण में 252 रुपए का व्यय आया है। जिसकी आधारशिला 2009 में तत्कालिन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रखी थी। आर्थिक परेशानियों के कारण इस कार्यालय को बनने में पूरे 15 वर्ष लग गये। 46 साल बाद कांग्रेस का मुख्यालय बदला है। पुराना ऑफिस 24 अकबर रोड था। इस ऑफिस के डिजाइनर हफीज कान्ट्रेक्टर, निर्माण एंजेसी लार्सन एंड टूर्बो है। जब आधारशिला रखी गई तब इसकी लागत 172 करोड आंकी गई थी लेकिन देरी होने से इस लागत में 80 करोड का अधिक खर्चा आया। नये ऑफिस का क्षेत्रफल 1.82 एकड है। यह ऑफिस सभी तरह की अति आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। जिसमें आजादी के पहले व आजादी के बाद की सभी यादगार पलों को सजोया गया है।

भारत की महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नाम पर इसे रखा गया है। आईसीसी मुख्यालय कांग्रेस पार्टी के अपने दिग्गजों के दृष्टिकोण को बनाये रखने के निरंतर मिशन का प्रतीक है। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटले जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में भारत के स्वतंत्र आंदोलन का नेतृत्व करने वाली पार्टी के रूप में कांग्रेस आधुनिक लोकतांत्रिक और समतामूलन भारत के निर्माण के लिये अपने समपर्ण में दृढ रही है। नये मुख्यालय को पार्टी एवं उसके नेताओं की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिये डिजाइन किया गया है। जिसमें प्रशासनिक संगठनात्मक और रणनीतिक गतिविधियों का समर्थन करने के लिये आधुनिक सुविधायें है। यह भवन कांग्रेस पार्टी की दूरदृष्टिकोण को दशार्ता है। साथ ही इसके असाधारण अतीत को श्रद्धांजली देता है। जिसने भारत के राजनीतिक व सामाजिक तानेबाने का आकार दिया है। 24 अकबर रोड कार्यालय में कांग्रेस को चार प्रधानमंत्री दिये थे। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पी.व्ही. नरसिम्हा राव एवं मनमोहन सिंह।

बहरहाल कांग्रेस का मुख्यालय नये भवन में शिफ्ट हो गया है। वर्तमान समय कांग्रेस कठिन राजनीतिक संघर्ष के दौर से गुजर रही है। जिसमें सुधार के लिये उसे गहन आत्ममंथन, गंभीर होमवर्क और योजनाबद्ध रोडमैप की आवश्यकता है। गठबंधन के दौर की राजनीति में उलझी कांग्रेस जब तक खुद को मजबूत नहीं करती और वह राज्यों में अपनी ताकत नहीं बढ़ाती तब तक उसके लिये कठिन समय समाप्त नहीं होगा। पार्टी कोशिश जरूर करती है परन्तु सफलतायें उसे आशा के अनुरूप नहीं मिल पाती। कांग्रेस को पलीता लगाने का काम कांग्रेस के भीतर ही विपक्षी स्लीपर सेल के सदस्य करते है।

# सुरेश रैना की इच्छा, वनडे में ज्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलें ऋषभ पंत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में ऋषभ पंत को ज़्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर बाएं हाथ का यह बल्लेबाज 40-50 गेंदों का सामना करता है तो वह टीम के लिए खेल को अच्छी तरह से समाप्त कर सकता है। शनिवार को पंत को 22 जनवरी से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू तीन वनडे और फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। यह अनिश्चित है कि पंत या केएल राहुल भविष्य में 50 ओवर के मैचों में भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज होंगे या नहीं। 31 मैचों में पंत ने 33.5 की औसत से 871 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 2022 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 125 रन रहा है।

रैना ने कहा, उन्होंने अपनी विकेटकीपिंग में बहुत सुधार किया है, (लेकिन) ऋषभ पंत को अधिक जिम्मेदारी के साथ खेलने की जरूरत है क्योंकि यह 50 ओवर का टूर्नामेंट है। इंग्लैंड के साथ आगामी टूर्नामेंट में आपको 5 टी20 और 3 वनडे खेलने हैं, यह ऋषभ





पंत के लिए एक अच्छा अवसर होगा। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कैसे खेलते हैं; मुझे लगता है कि अगर यशस्वी शीर्ष क्रम में नहीं खेलते हैं तो ऋषभ पंत की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी, वह चौथे स्थान पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, वह हार्दिक से पहले बल्लेबाजी करने भी आ सकते हैं क्योंकि अगर ऋषभ 40-50 गेंदें खेलते हैं तो वह खेल को खत्म कर सकते हैं। उसे खुद से कहना होगा कि अगर मैं पचास गेंद खेलता हूं तो मैं 80-100 रन बना सकता हूं, लेकिन उसके लिए कुछ समय बिताना महत्वपूर्ण है। अगर वह गलती करता है तो उसे बहुत नुकसान होगा क्योंकि उसके पास वह प्रतिभा है, उसके पास वह क्षमता है, वह भारतीय टीम के लिए एक्स फैक्टर बनने जा रहा है। भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, जहां रैना रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ विजेता टीम के सदस्य थे। यह पूछे जाने पर कि क्या कोहली, रोहित और जडेजा जैसे खिलाड़ी अगले महीने दुबई में 2013 की विजयी वीरता को दोहरा पाएंगे? रैना ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, %मुझे 2013 में अच्छी तरह से याद है जब रोहित शर्मा और विराट कोहली जीते थे; यह एक शानदार जश्न और माहौल था। मुझे लगता है कि रवींद्र जडेजा ने उस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता क्योंकि उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की थी। वे तीनों अब एक ही टीम का हिस्सा हैं।

अंडर-19 विश्व कप

# नाइजीरिया, यूएसए की ऐतिहासिक जीत

## ऑस्ट्रेलिया ने भी बांग्लादेश को रोमांचक मैच में हराया

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप के तीसरे दिन का खेल नाइजीरिया और यूएसए के लिए ऐतिहासिक रहा, जिन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की।

नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को दो रन से हराकर अपने पहले ही वैश्विक टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह मुकाबला 13 ओवर का था, जिसमें नाइजीरिया की कप्तान लकी पायटी ने टीम के लिए पहला छक्का लगाकर बढ़त बनाई। हालांकि, न्यूजीलैंड ने पावरप्ले के बाद नाइजीरिया के तीन विकेट 28 रन पर गिरा दिए।

लिलियन उडे ने 19 रन बनाकर सबसे ज्यादा योगदान दिया। ओमोसिघो एगुआकुन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर न्यूजीलैंड के सामने 66 रनों का लक्ष्य रखा। गेंदबाजी में नाइजीरिया ने शानदार शुरुआत की, पहली ही गेंद पर केट इरविन को रन आउट किया। आखिरी ओवर में लिलियन ने सिर्फ 6 रन दिए



और एक रन आउट कर नाइजीरिया को यह ऐतिहासिक जीत दिलाई। वहीं, जोहोर में अमेरिका ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया। इस जीत में इसानी वाघेला ने 3 विकेट लिए, जबकि दिशा ढींगरा ने 46 रनों की अहम पारी खेली। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही, और वे 74 रन पर ऑलआउट हो गए। अमेरिका ने 75 रनों का लक्ष्य सिर्फ 10 ओवर में हासिल कर लिया। दिशा और चेतना रेड्डी की ओपनिंग साझेदारी ने टीम को मजबूत शुरुआत दी। दिशा ने 33 गेंदों पर 46 रनों की पारी खेली।

### संक्षिप्त स्कोर

- नाइजीरिया 65/6 (लिलियन उडे 19, पीटी लकी 18; हन्ना फ्रांसिस 1-4, अनिका तौव्हारे 1-6), न्यूजीलैंड 63/6 (अनिका टॉड 19, टैश वेकेलिन 18; पीस यूसेन 1-5, पिटी)
- आयरलैंड 17.4 ओवर में 75 रन पर ऑल आउट (एलिस वॉल्श 16, लारा मैकब्राइड 13; इसानी वाघेला 3-10, रितु सिंह 2-8), यूएसए 79/1 (दिशा ढींगरा 46, चेतना रेड्डी पगड्याला 23 नाबाद, लारा मैकब्राइड 1-9)
- बांग्लादेश 91/9 (आफिया आशिमा एरा 29, एमएसटी सुमैया अख्तर सुबोरना 13; टेगन विलियमसन 2-12, काओइम्हे ब्रे 2-18), ऑस्ट्रेलिया 92/8 (लुसी हैमिल्टन 30, केट पेले 16; जन्नतुल मौआ 3- 15, हबीबा इस्लाम पिंकी 1-12)

# चेस: प्रज्ञानंद ने हमवतन हरिकृष्णा को हराया

## गुकेश और अर्जुन एरिगेसी ने दूसरे दौर के मुकाबले ड्रॉ खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रज्ञानंद ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके। एरिगेसी ने पहले दौर में गुकेश को हराने के करीब पहुंचे स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने हमवतन पी हरिकृष्णा को हराया, जबकि अर्जुन एरिगेसी को टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा।



इससे पहले हाल ही में खेल रत्न से सम्मानित होने वाले विश्व चैंपियन गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था, जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हराया।

19 वर्ष के प्रज्ञानंद ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके।

390 का औसत, 5 शतक...

# करुण नायर को टीम इंडिया में वापसी के लिए और क्या करना होगा?

## बीसीसीआई पर उठे सवाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान 18 जनवरी (शनिवार) को किया गया. दोनों ही टीम से विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और फास्ट बॉलर मोहम्मद सिराज का नाम नदारद है. जबकि विजय हजारे ट्रॉफी में रन बरसाने वाले करुण नायर को भी मायूस होना पड़ा. वैसे सबसे ज्यादा चर्चा करुण को लेकर ही हो रही है, जिनके कम से कम वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की उम्मीद थी.

**अद्भुत प्रदर्शन... फिर भी करुण को लगी निराशा हाथ** – 33 साल के करुण नायर को खुद भी टीम इंडिया में फिर से वापसी का भरोसा था. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने भी साफ किया था कि अब खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य होगा. इसी के आधार पर भारतीय टीम में प्लेयर्स का सेलेक्शन भी होगा. यानी अगर आप घरेलू क्रिकेट में रन बनाते हैं तो सेलेक्शन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी. हालांकि करुण के मामले में तो ऐसा देखने को मिला नहीं. करुण नायर ने विजय हजार ट्रॉफी 2024-25 में ऐसी बैटिंग की, जो कई सालों तक याद रखी जाएगी. करुण ने टूर्नामेंट में कुल 8 पारियों में 389.50 के एवरेज से 779 रन बनाए, जिसमें पांच शतक शामिल रहे. करुण ने 112*, 44*, 163*, 111*, 112, 122*, 88* और 27 के स्कोर बनाए. यानी वो सिर्फ दो पारियों में आउट हुए. करुण की कप्तानी में विदर्भ की टीम फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे कर्नाटक के हाथों हार का सामना करना पड़ा. करुण भले ही अपनी टीम को ट्रॉफी नहीं जिता पाए, मगर धांसू प्रदर्शन के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया ।

### भज्जी ने उठाए सवाल, अगरकर ने कही ये बात

घरेलू टूर्नामेंट में किसी खिलाड़ी ने लगभग 390 के औसत से रन बनाए हों, फिर भी उसका सेलेक्शन ना हो पाए तो सवाल तो उठेंगे ही. ऐसे में घरेलू क्रिकेट खेलने का क्या फायदा? टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह भी कुछ ऐसा ही मानते हैं. हरभजन ने करुण नायर की अनदेखी करने के लिए सेलेक्टर्स पर निशाना साधा. हरभजन ने ङ्ग पर लिखा, क्या घरेलू क्रिकेट खेलने का कोई मतलब है. जब आप खिलाड़ियों का चयन उनके फॉर्म और प्रदर्शन के आधार पर नहीं करते. करुण नायर को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम इंडिया के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर से भी सवाल पूछा गया था. इस पर अगरकर ने कहा कि मौजूदा टीम में करुण नायर को शामिल करना मुश्किल है. हालांकि अगरकर ने माना कि करुण नायर पर चर्चा हुई, लेकिन अभी फिलहाल उनकी टीम में जगह नहीं बन रही है. अगरकर ने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के लिए विदर्भ के कप्तान की सराहना की ।

# नीरज चोपड़ा की तरह फेंकती थी भाला, अब वेस्टइंडीज के लिए वनडे में तोड़ा शतकों का रिकॉर्ड, टीम ने रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीटैलेंटेड. ये शब्द तो आपने सुना है ना. हम जिस खिलाड़ी की बात करने जा रहे है, उसके लिए अंग्रेजी का ये शब्द बिल्कुल परफेक्ट है. हाथ में जब भाला होता है तो वो नीरज चोपड़ा की तरह मेडल जीतने की कोशिश करती है. लेकिन, उन्हीं हाथों में जब बल्ला थाम लेती है तो फिर दुनिया की किसी भी पिच को गेंदबाजों का कब्रगाह बनाने का दम रखती है. हम बात कर रहे हैं हैले मैथ्यूज की, जो कि वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम की ना सिर्फ धाकड़ ओपनर हैं बल्कि कप्तान भी हैं. इन दोनों ही मोर्चों पर अपनी उपयोगिता को उन्होंने खूब साबित किया है. कैरेबियाई ओपनर ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में ना सिर्फ शतक जड़ा बल्कि अपने देश के लिए वो सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली खिलाड़ी भी बनीं.

**वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले वनडे में रौंदा** – बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम इन दिनों वेस्टइंडीज के दौरे पर है, जहां वो फिलहाल वनडे सीरीज खेलने में मशगूल है. पहले वनडे में बांग्लादेश को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी और



इसकी एकमात्र और सबसे बड़ी वजह है हैले मैथ्यूज का प्रदर्शन. उनके बल्ले से निकला शतक, जिसने बांग्लादेश से मिले टारगेट को इतना बौना बना दिया कि जीत बस मजाक बनकर रह गई.

**199 रन का पीछा करते हुए मैथ्यूज ने जमाया शतक** – पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की पहले वनडे में सबसे बड़ी कामयाबी यही रही कि वो किसी तरह पूरे 50 ओवर खेलने में कामयाब रहे. बांग्लादेश ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 198 रन बनाए. इस तरह वेस्टइंडीज की महिलाओं को 199 रन का लक्ष्य मिला. लक्ष्य छोटा था लेकिन इसे और भी हल्का बनाने का काम कैरेबियाई कप्तान मैथ्यूज ने अपने बल्ले से किया. 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने शतक जड़ा. साथ में वेस्टइंडीज के लिए महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा वनडे शतक जमाने का रिकॉर्ड भी तोड़ा.

**मैथ्यूज का रिकॉर्ड, वनडे में टीम का इतिहास** – हैले मैथ्यूज ने 93 गेंदों का सामना कर 16 चौकों की मदद से नाबाद 104 रन बांग्लादेश के खिलाफ बनाए. ये उनके वनडे करियर का 8वां शतक है. इसी के साथ वो महिला वनडे में वेस्टइंडीज में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाली खिलाड़ी बन गईं ।

# नीरज चोपड़ा ने टेनिस प्लेयर हिमानी संग शादी की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को शादी कर ली। उन्होंने 2 दिन बाद रविवार को रात 9.36 बजे सोशल मीडिया पर अपनी शादी की 3 तस्वीरें पोस्ट कीं। फोटोज में उनकी पत्नी हिमानी और मां सरोज देवी नजर आए। 27 साल के नीरज ने सोशल मीडिया पर लिखा- जीवन के नए अध्याय की शुरुआत अपने परिवार के साथ की। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, नीरज और हिमानी की शादी का कार्यक्रम बहुत ही गुपचुप तरीके से रखा गया था। शादी में सिर्फ लड़का और लड़की के परिवार के करीबी सदस्य शामिल हुए। नीरज ने जो तस्वीरें शेयर कीं, उनमें परिवार के कुछ लोग ही साथ बैठे नजर आ रहे हैं। शादी की जानकारी परिवार के अलावा किसी और को नहीं थी।

शादी की तस्वीरें पोस्ट कर चौंकाया नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तस्वीरें



पोस्ट कर सभी को चौंकाया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में अपना और पत्नी हिमानी का नाम लिखा और दिल का इमोजी बनाया। उन्होंने इंग्लिश में लिखा, सभी के आशीर्वाद का शुक्रगुजार हूं, जो हमारे इस मोमेंट में भागीदार बने। प्यार में बंधे, हमेशा के लिए खुश। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी शादी के बारे में बताया।

**कौन हैं नीरज की पत्नी हिमानी** – नीरज ने अपने ही राज्य हरियाणा के सोनीपत जिले के लड़सौली गांव की रहने वाली टेनिस प्लेयर हिमानी मोर के साथ 7 फेरे लिए। हिमानी एसए से स्पोर्ट्स स्टडी कर रही हैं। उनके पिता चांद राम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से करीब 2 महीने पहले ही रिटायर हुए हैं। हिमानी के पिता ने गांव में खेल स्टेडियम बनवाया है। वे यहां खिलाड़ियों को सर्कल कबड्डी खिलाते हैं।

**स्कूल टाइम में टेनिस खेलना शुरू किया** – हिमानी मोर ने सोनीपत के लिटिल एंजेल स्कूल में पढ़ाई के दौरान टेनिस खेलना शुरू किया था। हिमानी की मां मीना ने उन्हें शुरुआती दौर में ट्रेनिंग दी। उन्होंने गांव छोड़कर सोनीपत में किराए का मकान लिया। खेल के साथ-साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज से ग्रेजुएशन की। इसके बाद उन्होंने 2017-18 में ताइवान में आयोजित विश्वविद्यालय टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। मां के अलावा पिता चांद राम मोर ने भी बेटी को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। हिमानी का छोटा भाई हिमांशु भी टेनिस का खिलाड़ी है। साथ ही 2 चचेरे भाई इंटरनेशल खिलाड़ी रहे हैं।

ऑस्ट्रेलियन ओपनः

# सिनर ने भीषण गर्मी में खेले गए मैच में रूने को हराया, स्वितोलिना तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में

**मेलबर्न, एजेंसी।** महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

इटली के यानिक सिनर और डेनमार्क के होल्गर रूने दोनों को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए आस्ट्रेलियाई ओपन मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा और इसके बाद सिनर की दमदार सर्विस पर रॉड लावेर एरिना का नेट निकल जाने से 20 मिनट का विलंब हुआ। आखिर में गत चैम्पियन सिनर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर गर्मी से निपटने के लिये चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया।




तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिये गए। सिनर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी क्वालीफायर लर्नर टियेन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के बेन शेल्टन या फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से होगा। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज से और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगा।

महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 30 वर्ष की एलिना 12वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वह 2019 के बाद यहां पहली बार अंतिम आठ में पहुंची है। एलिना ने 2021 में फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से शादी की और दोनों की बेटी सकाइ का जन्म 2022 में हुआ। स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली मेडिसन कीस से होगा जिसने 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिकाबिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया।

# ऑनलाइन शतरंज में 9 साल के बच्चे से हार गये 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन, बांग्लादेश के फिडे मास्टर का दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मैग्नस कार्लसन अक्सर हारते नहीं हैं। नार्वे का ग्रैंडमास्टर आखिरकार पांच बार के विश्व चैंपियन हैं, वह 2011 से दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी हैं और उन्हें शतरंज खेलने वाले महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने 2023 में खुद ही अपने खिताब का बचाव नहीं करने का फैसला किया था। हालांकि, बांग्लादेश के एक फिडे मास्टर नई हक ने दावा किया है कि जिस नौ वर्षीय लड़के को वह कोचिंग दे रहे हैं, उसने 34 साल के मैग्नस कार्लसन को एक ऑनलाइन टूर्नामेंट में हरा दिया है। चौंकाने वाला नतीजा शनिवार 18 जनवरी 2025 को



Chess.com चेस.कॉम पर बुलेट ब्रॉल इवेंट के दौरान हुआ, जिसमें काले मोहरों के साथ खेलते हुए मैग्नस कार्लसन नईम हक से हार गये, यह अकाउंट फिडे मास्टर नईम हक का है।

# सलामी बल्लेबाजों के लिए स्थान निश्चित है, बाकी सभी को लचीला होना चाहिए : अक्षर पटेल

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय टी20 लाइन-अप में सलामी बल्लेबाज ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्थान निश्चित है और इसके बाद बल्लेबाजी क्रम में कई फ्लोटर्स शामिल होंगे, यह बात नए उप-कप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से पहले टीम की रणनीति के बारे में बताते हुए कही। भारत बुधवार को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

बल्लेबाजी क्रम में उतार-चढ़ाव के बारे में पूछे जाने पर ऑलराउंडर ने जवाब दिया, ...यह सिर्फ़ मेरे बारे में नहीं है; यह टीम में सभी पर लागू होता है। 2024 की शुरुआत से ही, हमने एक निश्चित ओपनिंग स्लॉट रखने का फैसला किया था और नंबर 3 से नंबर 7 तक सभी को स्थिति, संयोजन और मैच-अप के आधार पर लचीला होने के लिए कहा गया है। अक्षर, जो अब श्रृंखला के लिए टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं, ने इस तरह से बात की जो 2023 वनडे विश्व कप से पहले रोहित शर्मा की बातचीत की याद दिलाता है, जहां उन्होंने मध्य-क्रम में लचीलेपन का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा, कोई निश्चित स्थान नहीं है जहां कोई विशेष बल्लेबाज हमेशा खेलेगा...यह उस श्रेणी (नंबर 3 से 7 के बीच) में सभी के लिए समान है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसका दिन अच्छा चल रहा है, जिसका हम अभ्यास सत्रों के दौरान आकलन करते हैं। टी20 क्रिकेट में यह



सही स्थिति में सही बल्लेबाज का उपयोग करने के बारे में है। सूर्यकुमार यादव के उप-कप्तान के तौर पर अक्षर के लिए बहुत कुछ नहीं बदला है, सिवाय इसके कि अब वह टीम प्रबंधन द्वारा लिए जाने वाले कुछ सख्त फैसलों का हिस्सा होंगे। अक्षर ने कहा, अभी सिर्फ एक दिन हुआ है। हां, हमने (कप्तान सूर्य, मुख्य कोच गौतम गंभीर और मैं) चर्चा की है। नेतृत्व समूह पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है। ज्यादा बदलाव नहीं है। जाहिर है, हमारे पास एक स्थिर टी20 टीम है, ज्यादा दबाव नहीं है। जब आप नेतृत्व समूह में आते हैं, तो जाहिर है आपको कुछ कठोर फैसले लेने पड़ते हैं। हमने उन पर भी बात की है। यह एक सच्ची राय रखने और एक-दूसरे पर भरोसा बनाए रखने के बारे में है। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में मिली हार के बाद यह राष्ट्रीय टीम का पहला मैच है और ऑलराउंडर पिछली बातों को लेकर परेशान नहीं होना चाहते। उन्होंने कहा, हम ये भी बात करते हैं कि, जो हो गया वो हो गया, वो वापस नहीं आने वाला। यह हमारी अगली सीरीज में सकारात्मकता लाने के बारे में है। अक्षर ने 19 नवंबर 2023 को वनडे विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी का भी स्वागत किया। टखने की सर्जरी से उबरने के बाद शमी घुटने की परेशानी से जूझ रहे थे। उन्होंने शमी की घरेलू सर्किट में हाल ही में हुई वापसी का जिक्र करते हुए कहा, यह टीम के लिए बहुत सकारात्मक बात है। पिछली बार उन्होंने (शमी) वनडे विश्व कप फाइनल में खेला था और ठीक होने के बाद से उन्होंने सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे टूर्नामेंट दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉयल स्टैग बूमबॉक्स-अपने तीसरे संस्करण के साथ लेकर आ रहा है अनुभवात्मक संगीत समारोह

**देवास, एजेंसी।** सीग्राम रॉयल स्टैग बूमबॉक्स अपने तीसरे संस्करण के साथ वापस आ रहा है, जो समकालीन हिप-हॉप बीट्स के साथ बॉलीवुड की प्रतिष्ठित धुनों को एक अद्भुत मिश्रण पेश करेगा। मिर्ची द्वारा निर्मित इस सीजन के साथ, प्रभावी संगीत समारोह 14 जनवरी, 2025 को मुंबई में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग में अपने आगामी लाइनअप का प्रदर्शन किया जाएगा. यह अनूठा सांस्कृतिक फ्यूजन पारंपरिक और आधुनिक भारतीय संगीत के मिश्रण को फिर से परिभाषित करना जारी रखेगा, जो ब्रांड के 'लिविंग इट लार्ज'दर्शन के अनुरूप है।
ब्रांड के लिए उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने का संगीत एक प्रमुख स्तंभ है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स हिप-हॉप की रॉ एनर्जी के साथ बॉलीवुड की कालातीत धुनो को एक साथ लाता है, जो आज की पीढ़ी के लिए जनरेशन लार्ज की मूल ध्वनि का निर्माण करता है। त्योहार का अनूठा प्रारूप एक अलग ध्वनि बनाता है जो आज के युवाओं के साथ प्रतिध्वनित होता है- एक ऐसा चलन जो रुझानों का अनुसरण करने के बजाये खुद अपने आप को बनाता है। यह त्योहार चार प्रमुख युवा केंद्रों- हैदराबाद, मुंबई, गुरुग्राम और गुवाहाटी का दौरा करेगा- जिसमें अत्याधुनिक इंटरैक्टिव अनुभवों के साथ प्रमुख संगीतमय कार्यक्रम शामिल होंगे। पिछले दो संस्करणों ने इन शहरों में करीब एक लाख लोगों को आकर्षित किया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 20 करोड़ से ज्यादा व्यू मिले हैं।

### जम्मू-कश्मीर में रहस्यमय हालात में मौतें: केंद्र की टीम राजौरी पहुंची, मृतकों की संख्या 17 हुई

**जम्मू, एजेंसी।** केंद्र की एक उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी टीम रविवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले पहुंची जहां कथित तौर पर एक रहस्यमय बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। इस रहस्यमय बीमारी से रविवार को एक और व्यक्ति की मौत हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सुदूर बधाल गांव में एक-दूसरे से जुड़े तीन परिवारों में कुछ हफ्तों के भीतर हुई मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी टीम के गठन का आदेश दिया था। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के एसएमजीएस अस्पताल में इलाज करा रहे मोहम्मद असलम के छह बच्चों में से आखिरी यासमीन कौसर की भी आज शाम मौत हो गई। कौसर के पांच भाई-बहनों और दादा-दादी की पिछले सप्ताह मृत्यु हो गई थी। गांव में दो परिवारों के नौ अन्य सदस्यों की मौत 7 से 12 दिसंबर के बीच हो गई थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, जम्मू-कश्मीर स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों ने मौतों की जांच की लेकिन सटीक कारण अभी तक पता नहीं चला है। गृह मंत्री ने अंतर-मंत्रालयी विशेषज्ञों की एक टीम गठित की है और वे यहां पहुंच गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि 16 सदस्यीय टीम आज शाम राजौरी जिला मुख्यालय पहुंची और इसके सोमवार को शहर से 55 किमी दूर पहाड़ी गांव का दौरा करने की संभावना है। मरीजों ने अस्पतालों में भर्ती होने के कुछ दिनों के भीतर मरने से पहले बुखार, दर्द, मतली और चेतना में कमी आने की शिकायत की थी।

### आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर ने की गौमूत्र की तारीफ, सियासी गलियारों में मच गया बवाल

**चेन्नई, एजेंसी।** आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामकोटि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह गौमूत्र के औषधीय गुणों के बारे में बता रहे हैं। कामकोटि ने गौमूत्र को एंटीबैक्टीरियल, एंटी फंगल और पाचन में मदद करने वाला बताया। उन्होंने दावा किया कि गौमूत्र जठरांत्र विकार से भी राहत दिलाता है। उनके इस दावे का वीडियो वायरल होने के बाद सियासी गलियारों में भी हंगामा होने लगा। कांग्रेस और डीएमके ने उनके इस बयान पर कड़ा विरोध जताया है। चेन्नई में गो संरक्षणशाला के कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि संन्यासियों को जब तेज बुखार आ जाता है तब भी वे गौमूत्र का इस्तेमाल करते हैं। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक वायरल हो रहा वीडियो सच है। उन्होंने कहा कि वह एक जैविक किसान भी हैं इसलिए उनकी बातों का संदर्भ बहुत विस्तृत है। डीएमके और कांग्रेस ने आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर के इस बयान की आलोचना की है। कांग्रेस नेता कार्ती पी चीदंबरम ने कहा कि आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर का दावा बेबुनियाद है।

# हिमाचल प्रदेश में फिर बढ़े सीमेंट के दाम, विपक्ष ने सरकार को घेरा



**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में सीमेंट के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है। प्रमुख सीमेंट कंपनियां अंबुजा, एसीसी और अल्ट्राटेक ने प्रति बैग कीमत में पांच रुपये की वृद्धि की है। यह वृद्धि एक महीने के भीतर दूसरी बार हुई है। सीमेंट की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका लगा है। हिमाचल प्रदेश में सीमेंट की कीमत बढ़ने के बाद लोगों को 435 से 490 रुपए प्रति बैग दाम चुकाने होंगे। सीमेंट की बढ़ी कीमतों को लेकर विपक्ष ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि सत्ता में आने के बाद सीमेंट की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अब तक सीमेंट की कीमत प्रति बैग 160 रुपये तक बढ़ चुकी है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि जब कांग्रेस विपक्ष में थी तब वह कहती थी कि सीमेंट कंपनियों के साथ सरकार की मिलीभगत है। सरकार दाम नियंत्रित कर सकती है लेकिन अब सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने चुप्पी साध ली है। कांग्रेस सरकार सीमेंट की कीमतों को नियंत्रित क्यों नहीं कर रही है। क्या सीमेंट कंपनियों के साथ सरकार की कोई सांठगांठ है? यदि नहीं तो कीमतों में इस तरह की बढ़ोतरी क्यों हो रही है? सरकार को इस पर सफाई देनी चाहिए।

विपक्ष के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने कहा कि सीमेंट कंपनियों पर केंद्र और प्रदेश सरकारों का कोई सीधा नियंत्रण नहीं होता है। हालांकि सरकार कंपनियों से बातचीत कर कीमतों को स्थिर रखने का आग्रह कर सकती है।

उद्योग मंत्री ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में सीमेंट की कीमतों में केवल 30 रुपये की वृद्धि हुई है जबकि भाजपा सरकार के पांच सालों में 130 रुपये का इजाफा हुआ था। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सीमेंट कंपनियों के साथ सरकार की किसी भी तरह की मिलीभगत का सवाल ही नहीं उठता। सीमेंट की कीमतों में बार-बार हो रही बढ़ोतरी ने प्रदेश में पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को अब निर्माण सामग्री के बढ़ते दामों का भी सामना करना पड़ रहा है। लोगों का मानना है कि हिमाचल प्रदेश में सीमेंट उत्पादन होने के बावजूद यहां की जनता को महंगे दामों पर सीमेंट खरीदने को मजबूर होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि सरकार को इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाना चाहिए और सीमेंट कंपनियों को दाम बढ़ाने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

## मनु भाकर की खुशियां दुख में बदलीं, नानी-मामा की मौत से चरखी दादरी से फरीदाबाद तक पसरा मातम

**फरीदाबाद, एजेंसी।** ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर की नानी और मामा की रविवार सुबह हरियाणा के चरखी-दादरी में हुए एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित उनके घर पर भी मातम पसर गया। सोसाइटी के गमगीन लोग मनु भाकर और उनके परिवार को सांत्वना देने उनके घर पहुंचे। लेकिन, उनके घर पर ताला लगा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना से पूरी सोसाइटी के लोग दुखी हैं और फोन करके सांत्वना दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, हादसा रविवार सुबह करीब 9ः00 बजे महेन्द्रगढ़ बाईपास रोड पर हुआ। हादसे के दौरान उनके 50 वर्षीय मामा युद्धवीर स्कूटी पर थे और पीछे उनकी 70 वर्षीय मां सावित्री बैठीं थीं। वह अपनी मां को दूसरे भाई के पास छोड़ने जा रहे थे। घर से 150 मीटर दूर ही एक कार उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। इसके चलते दोनों सड़क पर ही गिर गए। बताया जा रहा है कि मनु भाकर के मामा और नानी जब तक संभलते, कार पलट कर उन पर आ गिरी। इसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि मनु भाकर की नानी और मामा की सड़क हादसे में मौत की खबर उन्हें रविवार दोपहर करीब 12 बजे सोशल मीडिया के माध्यम से मिली। कुछ लोग सोसाइटी स्थित उनके घर पहुंचे, लेकिन घर पर ताला लगा हुआ था। ऐसे में सोसाइटी के लोग सोशल मीडिया के अलावा मोबाइल फोन पर कॉल करके दुख जताया। वह परिवार समेत चरखी-दादरी में रह रहे थे। मामा युद्धवीर हरियाणा रोडवेज में चालक के पद पर कार्यरत थे और उनकी ड्यूटी दादरी बस अड्डे पर थी। पिछले साल संपन्न पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ने दो पदक जीते हैं। 17 जनवरी को उन्हें दिल्ली में राष्ट्रपति ने मेजर ध्यानचंद खेल पुरस्कार दिया। इससे उनके घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन अब हादसे के बाद घर में मातम छा गया है। बताया जा रहा है कि मनु भाकर भी दादरी पहुंची हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह युद्धवीर ड्यूटी जा रहे थे। इस दौरान वह अपनी मां को छोटे भाई के पास छोड़ते। इसी के चलते उन्हें स्कूटी पर बैठा लिया था। वह से कुछ ही दूर पहुंचे थे, तभी गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

# छत्तीसगढ़ सरकार का 27 लाख किसानों के लिए बड़ा ऐलान, जारी करेगी धान पर बोनस

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को राज्य के 27 लाख से अधिक धान किसानों के लिए बड़ा फैसला किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने अगले महीने धान पर लंबित बोनस जारी करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। इसके साथ ही कैबिनेट ने कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

बता दें कि धान की खरीद पिछले साल 14 नवंबर को शुरू हुई थी। यह 31 जनवरी तक जारी रहेगी। सरकार ने 2024-25 के लिए लगभग 160 लाख टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। किसानों को अब तक धान के समर्थन मूल्य के रूप में 2,300 रुपये प्रति क्विंटल मिल चुके हैं। घोषित मूल्य 3,100 रुपये प्रति क्विंटल है। अब राज्य के 27.68 लाख किसानों को फरवरी में प्रति क्विंटल पर 800 रुपये का बोनस जारी किया जाएगा।



अधिकारी ने कहा कि कैबिनेट ने सरप्लस धान ऑनलाइन नीलामी के जरिए बेचने का भी फैसला किया है। कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि विशेष राहत पैकेज के तहत इस्पात उद्योग के एक निश्चित सेक्शन को ऊर्जा शुल्क में प्रति यूनिट एक रुपये की अधिकतम छूट दी जाएगी। यह निर्णय 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगा। मंत्रिमंडल ने आर्थिक कठिनाईयों का सामना कर रहे लेखकों और कलाकारों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का भी निर्णय लिया। इन लोगों के परिजनों को इनकी मृत्यु के बाद एक लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। राज्य सरकार उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को वित्तीय बाजारों और स्टॉक एक्सचेंजों की बारीकियों की ट्रेनिंग देगी। इसके लिए वह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी।

कैबिनेट ने नवा रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए श्री सत्य साईं स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट को अतिरिक्त पांच एकड़ जमीन निःशुल्क आवंटित करने का निर्णय लिया है। सरकार नवा रायपुर में आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर की स्थापना के लिए रियायती दर पर 40 एकड़ जमीन देगी। कैबिनेट ने यह भी फैसला लिया है कि छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की ओर से निर्मित आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां जो 5 साल से अधिक समय से बिना बिकी हैं, उन्हें लागत मूल्य (आधार दर) पर 30 फीसदी तक की छूट के साथ बेचा जाएगा।

## गाजियाबाद के शॉपिंग सेंटर में 9 लड़कियों का बिक रहा था जिस्म, पति-पत्नी साथ चला रहे थे धंधा


**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर स्पा और थेरेपी सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ कर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रविवार शाम हुई कार्रवाई में 9 महिलाओं को रेस्क्यू किया गया।

वैशाली सेक्टर-चार के श्रीराम प्लाजा में स्पा सेंटर और थेरेपी सेंटर संचालित हो रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां देह व्यापार कराया जा रहा है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने रविवार शाम पुलिस टीम के साथ माउंटेन स्पा एंड थेरेपी सेंटर और गोल्डन थेरेपी सेंटर पर छापा मारा। पुलिस ने महिला संचालिका और उसके पति कुलदीप निवासी विवेक विहार, दिल्ली और विक्की सोवती निवासी पूर्वी रोहताश नगर, शाहदरा के अलावा चार ग्राहकों को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा दोनों सेंटर पर गलत काम के लिए जबरन बुलाई गई 9 महिलाओं का रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू कराई गई महिलाओं से पूछताछ की गई तो पता चला कि वे नौकरी के लिए आई थीं। रिसेप्शनिस्ट की नौकरी देने के नाम पर उनके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए गए और फिर ब्लैकमेल कर उनसे जबरन देह व्यापार कराया जाने लगा। पुलिस की जांच में पता चला है कि देह व्यापार कराने वाले संचालक और मैनेजर ग्राहकों को महिलाओं और युवतियों के फोटो भेजते थे और फिर सौदा तय होने पर ग्राहक को अपने ठिकाने पर बुलाने के बाद देह व्यापार कराया जाता था। आरोपियों के खिलाफ पुलिस की जांच में इन महिलाओं के बयान भी पुलिस ने दर्ज कराए हैं। इनके खिलाफ पुलिस गैंगस्टर ऐक्ट के तहत कार्रवाई भी की जाएगी।

# पड़ोसी देशों के साथ पाकिस्तान का व्यापार घाटा 43.22 प्रतिशत बढ़ा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान का व्यापार घाटा पड़ोसी देशों के साथ 43.22 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (जुलाई 2024 से जून 2025) के दौरान यह घाटा बढ़ा है। एसबीपी द्वारा रविवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस बढ़े हुए व्यापार घाटे का मुख्य कारण चीन, भारत और बांग्लादेश से आयात में वृद्धि है।

पाकिस्तान के निर्यात में भी वृद्धि देखी गई है, खासकर अफगानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका को किए गए निर्यात में। इसने निर्यात में गिरावट की कुछ हद तक भरपाई की है। आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान ने जुलाई से दिसंबर 2024 के बीच अपने निर्यात को 7.85 प्रतिशत बढ़ाकर 2.40 बिलियन डॉलर कर लिया है। पिछले साल इसी अवधि में निर्यात का मूल्य 2.23 बिलियन डॉलर था। पाकिस्तान का निर्यात चीन, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, भारत, ईरान, नेपाल, भूटान और मालदीव सहित नौ देशों को बढ़ा है। हालांकि,



पाकिस्तान का आयात भी बढ़ा है। विशेष रूप से, क्षेत्रीय देशों से आयात में 29.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पाकिस्तान का आयात 7.73 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 5.95 बिलियन डॉलर था।

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था विकासशील मानी जाती है और यह जीडीपी (नाममात्र) के मामले में 46वीं सबसे बड़ी है। 2023 तक पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 241.5 मिलियन थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार पाकिस्तान प्रति व्यक्ति आय के मामले में जीडीपी (नाममात्र) के हिसाब से 161वीं और जीडीपी (क्रय शक्ति समता) के हिसाब से 138वीं स्थिति में है। पाकिस्तान की शुरुआती आर्थिक स्थिति निजी उद्योगों पर निर्भर थी, लेकिन 1970 के दशक में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों का राष्ट्रीयकरण किया गया। 1990 के दशक में फिर से निजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई। वर्तमान में पाकिस्तान में आर्थिक उदारीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें सरकारी निगमों का निजीकरण शामिल है, ताकि विदेशी निवेश आकर्षित किया जा सके और बजट घाटे को कम किया जा सके। हालांकि, पाकिस्तान को अपनी बढ़ती जनसंख्या, निरक्षरता, राजनीतिक अस्थिरता, शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों और भारी विदेशी ऋण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पहले पति ने बच्चों से मिलाने के लिए भारत सरकार से मदद मांगी

**कराची , एजेंसी।**
चार बच्चों के साथ 2023 में गैर कानूनी तरीके से भारत गयी पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पहले पति ने पड़ोसी देश की सरकार से अपने बच्चों से मिलने और उन्हें अपने पास रखने में मदद करने की अपील की है। सीमा अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए भारत आई थी, जिससे उनकी मुलाकात ऑनलाइन माध्यम से हुई थी। सीमा (32) सिंध प्रांत के जैकोबाबाद की रहने वाली है और मई 2023 में अपने बच्चों को लेकर कराची स्थित अपने घर से नेपाल के रास्ते भारत आई थी।

वह जुलाई 2023 में तब सुर्खियों में आई जब भारतीय अधिकारियों ने उसे उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में भारतीय नागरिक सचिन मीणा (27) के साथ रहते हुए पाया। सचिन का दावा है कि दोनों ने शादी कर ली है। दोनों का संपर्क 2019 में ऑनलाइन खेल पबजी खेलते समय हुआ था। सीमा और सचिन को जुलाई 2023 में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। सीमा पर अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का आरोप है जबकि सचिन पर अवैध प्रवासी को शरण देने का आरोप लगाया गया था। सीमा के पहले पति गुलाम हैदर ने हाल में एक वीडियो संदेश में विदेश मंत्री एस जयशंकर से 'न्याय'दिलाने की अपील की।



हैदर ने दावा किया कि वह प्रमुख पाकिस्तानी वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता अंसार बर्नी की मदद से 2023 के अंत से अपने बच्चों का सरंक्षण हासिल करने की कोशिश कर रहा है। बर्नी ने पिछले वर्ष फरवरी मेंपुष्टि की थी कि हैदर ने उनसे मदद मांगी थी तथा भारतीय अदालतों में कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए एक भारतीय वकील की सेवा ली थी। उन्होंने कहा, ''उचित प्रक्रिया के बाद, हमने एक भारतीय वकील अली मोमिन की सेवा ली और भारतीय अदालतों में कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए वकालतनामा भेज दिया है।''

लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि मामला शुरू हुआ है या नहीं। हैदर ने वीडियो संदेश में दावा किया, ''मामला अदालत में लंबित हुए एक साल हो गया है।

# धरती के बढ़ते तापमान का नतीजा है लॉस एंजिल्स की आग

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।**
अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के महानगर लॉस एंजिल्स में लगी भयानक आग इस बात की चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन के चलते धरती का जिस तेजी से तापमान बढ़ रहा है, उसने दुनिया को नष्ट होने के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है. आग ने हॉलीवुड और फैशन के लिए मशहूर शहर के बड़े हिस्से को चपेट में लेकर 10,000 से ज्यादा बहुमंजिले भवन राख कर दिए हैं. बचाव के लाख प्रयासों के बावजूद अभी तक 27 लोगों की जान जा चुकी है. इस महात्रासदी के पीछे वे ग्रीनहाउस गैसें रही हैं, जो धरती का तापमान बढ़ाकर पारिस्थतिकी तंत्र में निरंतर बदलाव ला रही हैं.

धरती के इस बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के घातक संकेतों को संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में पहले ही जता दिया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के कई देश पिछले कुछ सालों से भीषण गर्मी, सूखा, आग, तूफान, बर्फबारी, बाढ़ और बादल फटने व बिजली गिरने की घटनाओं से दो-चार हो रहे हैं. हजारों लोगों की मौत हो चुकी है और खरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ है.

60 देशों के 200 वैज्ञानिकों ने यह रिपोर्ट तैयार की है. इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले 20 साल में धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा. वैज्ञानिकों ने पहले अंदाज लगाया था कि यह तापमान 2050 तक बढ़ेगा, लेकिन अब यह दस साल पहले, अर्थात 2040 तक ही बढ़ जाएगा. तेज गर्म हवाओं के चलते 50 साल में बढ़ने वाला तापमान अब हर दस साल में बढ़ रहा है.

संयुक्त राष्ट्र के अंतर सरकारी जलवायु परिवर्तन पैनल की इस रिपोर्ट को दुनिया की अब तक की सबसे बड़ी रिपोर्ट कहा गया है. इस रिपोर्ट की पुष्टि यूरोपियन



स्पेस एजेंसी कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस ने 10 जनवरी 2025 को की है. रिपोर्ट के अनुसार 2024 ऐसा पहला साल है, जब दुनिया का तापमान पूर्व औद्योगिक स्तर से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है.

इस रिपोर्ट को जलते लॉस एंजिल्स के परिप्रेक्ष्य में देखने व परखने की जरूरत है. कैलिफोर्निया शहर पहाड़ों के बीच बसा है. यहां चीड़ के जंगल हैं. चीड़ के सूखे पेड़-पत्तों में आग लगने से जंगल जलने लग गया. कुछ ही घंटों में आग ने लॉस एंजिल्स के बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया. शहर की हवा जहरीली हो गई.

यहां 160 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली 'सांता सना' हवाओं ने आग को तेजी से भड़का दिया. आमतौर से पतझड़ के मौसम में चलने वाली ये हवाएं अत्यंत गर्म होती हैं. ये दक्षिण कैलिफोर्निया क्षेत्र को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129